


# दैनिक सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन




वर्ष 52/ अंक 216/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10

संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल

■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 21 मार्च 2023 भोपाल से प्रकाशित

dainiksandhyaprakash.in


## सांध्यप्रकाश विशेष



जापान के पीएम फुमियो किशीदा के साथ गोल-गप्पे का आनंद लेते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## कलेक्ट्रेट के क्लर्क ने 3 साल में एक करोड़ का गबन किया!

**इंदौर।** कलेक्ट्रेट के लेखा शाखा के एक क्लर्क मिलाप चौहान का कारनामा सामने आया है। उसने ट्रेज़री से एक करोड़ रुपए की राशि अपनी पत्नी और एक निजी कंपनी एक्सट्रीम सॉल्यूशन के खाते में ट्रांसफर कर लिए हैं। मामले में खुलासा होने के बाद कलेक्टर ने क्लर्क को सस्पेंड कर दिया गया। कलेक्टर के मुताबिक, क्लर्क ने तीन वित्तीय वर्ष में यह गबन किया।

कलेक्ट्रेट में पदस्थ एक क्लर्क पर एक करोड़ के गबन का खुलासा हुआ। कलेक्टर डॉ इलैया राजा टी ने बताया कि हमें पता चला है कि लेखा शाखा के क्लर्क मिलाप चौहान ने पिछले तीन फाइनेंसियल साल के दौरान यह वित्तीय गड़बड़ी की है। उन्होंने अलग-अलग सरकारी मदों से एक करोड़ से अधिक की राशि अपनी पत्नी और एक कंपनी एक्सट्रीम सॉल्यूशन के खाते में पहुंचाई है। कलेक्टर ने क्लर्क को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर महू के तहसील कार्यालय में पदस्थ होने के



आदेश दिए। कलेक्टर ने जानकारी देते हुए बताया कि गबन मामले की विस्तृत जांच के लिए एक समिति बनाई गई है। इसकी रिपोर्ट के आधार पर चौहान के खिलाफ उचित कानूनी कदम उठाए जाएंगे। इलैयाराजा ने कहा कि गबन की राशि भी उससे वसूल की जाएगी। जांच के बाद उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

## मृत्यु भोज के लिए ले जाई जा रही लकड़ी जब्त!

**अलीराजपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सामने विशाल धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। यह चेतावनी इसलिए दी गई कि आदिवासी समाज के नुक्ते (मृत्यु भोज) के एक कार्यक्रम के लिए ट्रैक्टर से ले जाई जा रही सूखी लकड़ी को डीएफओ ने जब्त कर लिया। जबकि, आदिवासी समाज बरसों से जंगल से ऐसी लकड़ियां लाकर अपना काम चलाता आ रहा है। जलाऊ लकड़ी ले जाने पर ट्रैक्टर को जब्त करने पर डीएफओ और कलेक्टर की हठधर्मिता के विरोध में कल भाजपा के नेता विशाल



धरना और प्रदर्शन करने वाले हैं। भाजपा नेता अपनी ही सरकार के विरोध में यह प्रदर्शन कर प्रशासनिक तानाशाही का विरोध करेंगे। इस प्रदर्शन के बारे में भाजपा नेताओं मकु परवाल अध्यक्ष भाजपा अलीराजपुर, नागर सिंह चौहान और माधोसिंह डावर ने बताया कि ये कलेक्टर और ष्ठस्नह्र की हठधर्मिता है। जंगल से लकड़ियां लाना कोई नई बात नहीं है। इस जब्ती के बाद कलेक्टर से भाजपा नेता मिले और उन्हें बताया भी कि नुक्ते के लिए लोग आ चुके हैं, इसलिए लकड़ी छोड़ दी जाए! कलेक्टर ने आश्वासन तो दिया, पर लकड़ियां नहीं छोड़ी गई।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने किया 2000 रुपये के नोट को लेकर बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2000 रुपये के नोट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। वित्त मंत्री ने सोमवार को संसद को बताया कि ऑटोमेटेड टेलर मशीन यानी एटीएम में 2,000 रुपये के नोट भरने या न भरने को लेकर बैंकों को कोई गाइडलाइन नहीं दी गई है।



लेंडर्स ये खुद तय करते हैं कि उन्हें कैश वेंडिंग मशीनों कितने रुपये के नोट लोड करने हैं. भारतीय रिजर्व बैंक की एनुअल रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2017 के अंत तक और 2022 मार्च के अंत तक 500 रुपये और 2,000 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों का कुल मूल्य 9.512 लाख करोड़ रुपये और 27.057 लाख करोड़ रुपये था। बैंकों को नहीं गई गाइडलाइन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि एटीएम में 2,000 रुपये के नोट ना भरने के लिए बैंकों को कोई गाइडलाइन नहीं दी गई है। बैंक पिछले उपयोग, कंज्यूमर की जरुरत, सीजनल ट्रेंड आदि के आधार पर एटीएम में अमाउंट और कौन से नोटों की ज्यादा आवश्यकता है का असेसमेंट करते हैं। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में, वित्त मंत्री ने कहा, 31 मार्च, 2023 तक केंद्र सरकार के लोन/लायबिलिटीज का कुल अमाउंट लगभग 155.8 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 57.3 प्रतिशत) अनुमानित है. इसमें से, अनुमानित बाहरी लोन मौजूदा एक्सचेंज रेट पर 7.03 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 2.6 प्रतिशत) है।

वित्तमंत्री ने कहा कि बाहरी ऋण का हिस्सा केंद्र सरकार के कुल लोन/लायबिलिटीज का लगभग 4.5 प्रतिशत और जीडीपी का 3 फीसदी से कम है। उन्होंने कहा कि आरबीआई ने सरकार के परामर्श से हाल ही में एक्सचेंज रेट की अस्थिरता और ग्लोबल स्पिलओवर को कम करने के लिए फोरेक्स फंडिंग के सोर्स में विविधता लाने और विस्तार करने के लिए कई उपायों की घोषणा की है।

## यूपी विधान परिषद का प्रस्ताव कुमार विश्वास ने ठुकराया!

**लखनऊ।** कवि कुमार विश्वास ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद में मनोनयन का प्रस्ताव ठुकरा दिया। वे विधान परिषद के सदस्य नहीं बनना चाहते। विधान परिषद में मनोनीत कोटे की 6 सीटों में लेखक, कवि, सांस्कृतिक कलाकार सहित अन्य क्षेत्र से लोगों को मनोनीत करने का प्रावधान है। इसमें भाजपा ने कुमार विश्वास का नाम भी तय किया था, पर इस प्रस्ताव पर कुमार विश्वास ने रुचि नहीं दिखाई!



26 मई 2022 से इन सीटों पर मनोनयन अटका हुआ है। कुमार विश्वास को एमएलसी नियुक्त करने का प्रस्ताव दिया गया था। लेकिन, वे प्रदेश की राजनीति नहीं करना चाहते। उनकी दिलचस्पी राष्ट्रीय राजनीति में है। लिहाजा, उन्होंने एमएलसी बनने का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। भाजपा में उनके कुछ करीबियों ने उन्हें मनाने का प्रयास भी किया, पर बात नहीं बनी! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर 'द मॉन्क हू बिकेम चीफ मिनिस्टर, द मॉन्क हू ट्रांसफार्म उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी पास्ट और 'प्रेजेंट एंड फ्यूचर' के लेखक शांतनु गुप्ता का नाम भी एमएलसी के पैनल में है। पीएम मोदी के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा के बेटे साकेत मिश्रा का नाम भी इस पैनल में रखा गया है। ग्रेजुएट साकेत ने आईपीएस की नौकरी छोड़कर बैंक की नौकरी शुरू की थी। साकेत के पहले लोकसभा चुनाव लड़ाने की चर्चा भी रही है।

एमएलसी के लिए लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी का नाम भी पैनल में है। राजनीतिक क्षेत्र से भाजपा के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, बृज के क्षेत्रीय अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी का नाम भी शामिल हैं। मनोनीत कोटे से एक दलित, एक महिला और एक पिछड़े वर्ग के नेता की नियुक्ति की जाएगी। पार्टी आगामी आम चुनाव के मद्देनजर जातीय संतुलन बैठाने के लिए मंथन कर रही है। कुछ नामों पर सहमति नहीं बनने से परिषद में सदस्यों का मनोनयन नहीं हो पा रहा है।

### विदिशा पहुंचे मुख्यमंत्री, फसल नुकसान का लिया जायजा

# 50 प्रतिशत से अधिक के नुकसान पर प्रति हेक्टेयर 32 हजार रुपए की राहत: चौहान

**भोपाल।** बीते एक हफ्ते के दौरान प्रदेश में हुई बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों की खेत में खड़ी फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। विदिशा जिले में भी फसलों पर ओलावृष्टि की मार पड़ी है। मंगलवार को सीएम शिवराज सिंह चौहान फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए विदिशा पहुंचे। सीएम ने ग्राम पटवारी खेड़ी में पहुंचे और किसानों से बात की। उन्होंने कहा कि किसानों को तत्काल राहत दी जाएगी और पर्याप्त मुआवजा दिया जाएगा। किसानों की आंखों में आंसू नहीं आने देंगे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ओलावृष्टि और असमय बारिश से फसलों के 50 प्रतिशत से अधिक के नुकसान पर किसानों को प्रति हेक्टेयर अब 32 हजार रुपए की राहत राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा की राशि अलग से दी जाएगी। उन्होंने उद्यानकी फसलों को भी सर्वे में शामिल करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।श्री चौहान ने कहा कि किसान चिंता नही करे,परेशान न हो,चिंता के लिए मैं मुख्यमंत्री हूं और किसान बहिन और भाईयो को सभी तरह के



संकट से बाहर निकाल कर ले जाऊंगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान चिंता नही करे,प्रत्येक प्रभावित खेत का सर्वे मानवीय दृष्टिकोण और उदारता से होगा जिससे किसानों को भरपूर राहत दी जा सके।उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में प्रभावित जिलों में सर्वे का कार्य जारी है।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोई भी हीला हवाली नही करे और पारदर्शी तरीके से नुकसान का सर्वे करे।उन्होंने कहा कि सर्वे सूची पंचायत भवन पर प्रदर्शित की जायेगी और आपत्ति होने पर उसका भी निराकरण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान बिलकुल भी चिंतित नहीं हो,पीड़ित किसानों की कर्ज वसुली की तारीख तो बड़ाई ही जायेगी,ब्याज भी सरकार हो भरेगी और अगली फसल के लिए भी शून्य प्रतिशत ब्याज पर लोन दिलाया जायेगा। समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए तारीख भी बड़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे परिवारों की बेटी की शादी भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में 56 हजार की राशि देकर करवाई जायेगी।

### प्रधानमंत्री को दी जानकारी

सीएम शिवराज ने फोन पर प्रधानमंत्री से बात की और उन्हें ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि और वर्षा से रबी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक 20 जिलों के 520 गांवों में 33 हजार 758 हेक्टेयर क्षेत्र की फसल प्रभावित हुई है। गेहूं, चना, सब्जियों सहित अन्य फसलों को औसत 30 से 35 प्रतिशत नुकसान हुआ है।

## प्रधानमंत्री सड़क योजना में गड़बड़ी का मुद्दा गूंजा विधानसभा में



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज 12वें दिन प्रधानमंत्री सड़क योजना में गड़बड़ी का मुद्दा गूंजा। सिरोंज से बीजेपी विधायक उमाकांत शर्मा ने अपनी ही सरकार को घेरा। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़कों के 2 साल की मरम्मत की जांच कराने की मांग। पंचायत एवं ग्रामीण विकास ने 6 महीने में जांच कराने का आश्वासन दिया तो विधायक बोले- कर लीजिए, आगे क्या होगा? अल्लाह जाने...। विधायक ने यहां तक कह दिया कि विधानसभा में झूठी जानकारी दी जा रही है। प्रश्नकाल के बाद कांग्रेस ने महू में आदिवासी युवती की रेप के बाद हत्या और पुलिस फायरिंग में आदिवासी युवक की मौत का मामला उछाला। इसके बाद कांग्रेस विधायक सदन से वॉकआउट कर गए। विधानसभा के गर्भगृह में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के खिलाफ नारेबाजी की।

### कृष्णा गौर बनीं सभापति



आज प्रश्नकाल में गोविंदपुरा (भोपाल) से विधायक कृष्णा गौर को सभापति बनाया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्पीकर गिरीश गौतम ने यह फैसला किया। महिला दिवस पर अवकाश था। इस पर सज्जन वर्मा बोले- महिलाओं पर अत्याचार में भी प्रदेश नंबर-1 है। महेश्वर से कांग्रेस विधायक विजय लक्ष्मी साधौ ने कहा- यहां सदन में महिला सम्मान की बात हो रही, दूसरी और बाहर शूद्र, पशु, नारी... किया जा रहा है।

### नरोत्तम बोले- कांग्रेस का वचन पत्र आएगा तो हेरा-फेरी-2 कहलाएगा

संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले कहा- कमलनाथ ओला पीड़ितों के बीच जा नहीं चकते, या तो खत लिख सकते हैं या फिर ट्वीट कर सकते हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पीड़ितों के बीच पहुंचे हैं। कमलनाथ के 500 रु. में गैस सिलेंडर देने के वादे पर कहा- अभी सिलेंडर दे रहे हैं, फिर सरेंडर कर देंगे। इनका वचन पत्र आएगा तो हेरा-फेरी -2 कहलाएगा।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल से निवास पर मुलाकात की और उसके बाद उनके साथ पौधरोपण किया।

### नगर निगम परिषद का बजट सत्र

## बीआरटीएस कॉरिडोर फेल, विंड एनर्जी प्रोजेक्ट पर कांग्रेस का हंगामा

**भोपाल।** भोपाल नगर निगम की बजट मीटिंग में विंड प्रोजेक्ट पर कांग्रेसी पार्षदों ने हंगामा कर दिया। उन्होंने अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की



कुर्सी घेर ली और नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने एक्सपर्ट की राय क्या ली गई, यह पूछा। सदन की कार्रवाई के दौरान कांग्रेसी पार्षदों ने दूसरी ओर कुर्सी घेरी। स्मार्ट सिटी से जुड़े प्रश्नों को लेकर भी उन्होंने आपत्ति जताई।

मीटिंग 45 मिनट देरी से सुबह 11.45 बजे शुरू हुई। करीब 3200 करोड़ रुपए का बजट पेश होगा। भोपाल निगम का नीमच में 16 मेगावॉट का विंड एनर्जी प्रोजेक्ट लगाने का प्लान है। इस पर कुल 74 करोड़ रुपए खर्च होंगे। निगम 30 करोड़ रुपए का कर्ज भी लेगा। इस प्रोजेक्ट को लेकर पिछले दो मीटिंग में हंगामे हो चुके हैं। इस कारण यह मंजूर नहीं हो सका है। इस बार फिर से यह प्रस्ताव मीटिंग में रखा गया। एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी ने प्रस्ताव रखा। जिस पर बीजेपी पार्षद देवेंद्र भार्गव ने सहमति दी।

## राहुल-अडाणी मुद्दे पर संसद 2 बजे तक स्थगित, स्पीकर्स ने बुलाई ऑल पार्टी मीटिंग

**नई दिल्ली।** विपक्ष की नारेबाजी के बाद लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही लगातार 7वें दिन भी शुरू होते ही स्थगित कर दी गई। दोनों सदनों की कार्यवाही अब दोबारा दोपहर 2 बजे शुरू होगी।



सदन स्थगित करने से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने दोपहर 1 बजे और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने 11.30 बजे अपने-अपने चेम्बर में ऑल पार्टी मीटिंग बुलाई है। कार्यवाही स्थगित होने के बाद सभी विपक्षी दलों ने संसद की पहली मंजिल पर प्रदर्शन किया। जहां वे जेपीसी मांग वाले बैनर-पोस्टर लहराकर नारेबाजी कर रहे थे।

**लोकसभा और राज्यसभा में नहीं हो सकी कार्यवाही-** राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान और अडाणी मामले पर विपक्ष की जेपीसी की मांग को लेकर दोनों सदनों में हंगामा होता रहा। जिसके कारण 13 मार्च के बाद से कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। केंद्र सरकार के सीनियर मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि राहुल को माफी मांग लेना चाहिए ताकि पार्लियामेंट की कार्यवाही सुचारु रूप से चल सके।

### राहुल ने लोकसभा अध्यक्ष को लिखी चिट्ठी

अगर लोकसभा की कार्यवाही होती है तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज लोकसभा में लंदन में दिए भाषण पर सफाई दे सकते हैं। उन्होंने सोमवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा और सदन में बोलने की अनुमति मांगी है। उन्होंने अपील की है कि उन्हें ब्रिटेन में दिए गए बयान को लेकर सदन में अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। इससे पहले राहुल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भी कहा था कि वह सदन में बोलना चाहते हैं। भाजपा उनसे लगातार माफी की मांग कर रही है। राहुल पिछले हफ्ते भी पार्लियामेंट की विदेशी मामलों की कंसल्टेटिव कमेटी के सामने कह चुके हैं कि उन्होंने भारत का अपमान नहीं किया है।

## ओंकारेश्वर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी, एक दर्जन घायल

**खंडवा।** खंडवा में मंगलवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलट गई। हादसे में 16 लोग घायल हैं, 2 की हालत गंभीर है। सभी सलकनपुर देवीधाम से ओंकारेश्वर दर्शन और नर्मदा स्नान के लिए जा रहे थे। श्रद्धालुओं का जत्था आगर-मालवा जिले का है। घायलों को



इलाज के लिए सनावद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकांश को इंदौर रेफर कर दिया है। पुलिस ने पिकअप का टायर फटने से हादसा होना बताया है। घटना सुबह 8 बजे खंडवा जिले में ओंकारेश्वर रोड पर थाना धनगांव के क्षेत्रांतर्गत ग्राम करौली में हुई।


जीवेत्... शरद्... शतम्...



कमल नाथ
पूर्व मुख्यमंत्री

छिन्दवाडा जिले के अमरवाडा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक व हर्रई जागीर के राजा
मा. श्री कमलेश शाह
के जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



नकुल नाथ, सांसद



कमलेश शाह



समस्त कार्यकर्ता अमरवाडा विधानसभा क्षेत्र जिला छिन्दवाडा

## सिंधी मंच की राष्ट्रीय बैठक में कई महत्वपूर्ण संकल्प लिए गए




संत हिरदाराम नगर। राष्ट्रीय सिंधी मंच द्वारा आयोजित बैठक में भारत के सिंधी समाज की दिशा और दशा तय करने के लिए महत्वपूर्ण संकल्प लिए गए। मंच के संस्थापक अध्यक्ष रोशनलाल उतवानी ने बताया की राष्ट्रीय बैठक में मंच के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश वसंतराई की सारक्षता में एवं मंच के राष्ट्रीय कोऑडिनेटर आनंद चावला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में मध्य प्रदेश राज्य द्वारा और सिंधी साहित्य अकादमी के द्वारा अमर शहीद कालानी के नाम पर प्रत्येक वर्ष देश एवं विदेश की सिंधी शख्सियत एवं प्रतिभा को सम्मान, पुरस्कार दिए जाने की मांग की गई। चैतीचांद झूलेलाल जयंती पर केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग की गई। बैठक में यह प्रस्ताव भी पारित किया गया कि केंद्र सरकार सिंध स्थित भगवन झूलेलाल की जन्मस्थली नससुर तक करतारपुर कॉरिडोर की तर्ज पर भारत के सिंधी नागरिकों को तीर्थ करवाने की सुविधा शुरू की जाए। इस बैठक में जगह-जगह से मंच के लोग उपस्थित थे।

## 5 अप्रैल को साईं झूलण जो मेलो कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का विमोचन

**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर में साईं झूलण जो मेलो कार्यक्रम की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। झूलण जो मेलो कार्यक्रम के संयोजक व अखिल भारतीय सिंधी समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी ने बताया कि 5 अप्रैल को होने वाले चेटीचण्ड महोत्सव की शुरुआत आमंत्रण पत्र के विमोचन के साथ हुआ। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि झूलण जो मेलो उत्सव में अनेकों रंगारंग कार्यक्रम होंगें इसमें मुख्य अंतराष्ट्रीय सिंधी हास्य कलाकार परमानंद प्यासी, मशहूर कलाकार जूनियर अमिताभ बच्चन,मशहूर सिंगर प्रिया ज्ञानचंदानी व फेमस कशिश तलरेजा डांस की सुंदर प्रस्तुति देगी।

## बालक वर्ग में स्वर्ण पदक जीता

**भोपाल।** भारत खेल मंत्रालय खेलो इंडिया स्कीम के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत (अंडर 25) शूटिंग बॉल चैंपियनशिप पुरी उड़ीसा में संपन्न हुई जिसमें बालक वर्ग मध्य प्रदेश टीम ने इतिहास रचते हुए राजस्थान को सीधे सेटों में 21.8, 21.14 हरा कर गोल्ड मेडल पर किया कब्जा जिसमें मध्य प्रदेश टीम के कैप्टन एस.एम कामरान विराट पवार एवं अलीम खान का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा एवं महिला वर्ग टीम का सफर सेमीफाइनल तक रहा । भगवान जगन्नाथ नगरी पुरी उड़ीसा में खेल के समापन समारोह में राज्य खिलाड़ियों द्वारा अपनी राज की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया समापन समारोह के दौरान भगवान जगन्नाथ मंदिर के पंचारिया प्रमोद कुमार, असिस्टेंट कलेक्टर रविंद्र कुमार, शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के फाउंडर महावीर सिंह, महासचिव शूटिंग बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया रविंद्र सिंह तोमर,राजस्थान शूटिंग बाल संघ के महासचिव ओपी माजरा शूटिंग बॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के महासचिव जितेंद्र बघेल उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश शूटिंग बाल टीम ने इस चैंपियनशिप जीतने पर शूटिंग बॉल एसोसिएशन मध्य प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रताप ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# संत नगर में चैतीचांद पर निकलेगी भव्य शोभा यात्रा, संत-महात्मा होंगे शामिल

### वेदांत संत लाल साईं की उपस्थिति में पूज्य सिंधी पंचायत की बैठक सम्पन्न



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत ने चैतीचांद पर्व पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा को इतिहासिक एवं यादगार बनाने के लिए संत लाल सांई के मुख्य अतिथि में बैठक का आयोजन किया। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने सिंधी समाज के इष्टदेव भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर आयोजित भव्य शोभायात्रा में हर परिवार को सम्मिलित होने का आग्रह किया। कहा कि युवाओं में भगवान झूलेलाल के साथ सिंधु, संस्कृति एवं सभ्यता की प्रेरणादायी श्रद्धा जागृत हो सके। यह शोभायात्रा पूरे संत नगर की शान रहेगी। इसलिए हर नगरवासी के सहयोग हेतु पंचायत ने अपील की है। वेदांत संत लाल सांई ने शोभायात्रा सिंधियत की शान रहे इसकी जोरदार वकालत की। उन्होंने पंचायत से हर संभव सहयोग करने का आग्रह भी किया। इस बार संत महात्मा भी शोभा यात्रा में शामिल होंगे। बैठक में पंचायत की ओर से वेदांत संत लाल सांई का पंचायत संभागृह में पहली बार आगमन पर शाल व श्रीफल से सम्मान किया। इस अवसर पर महासचिव माधू चांदवानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, नंद दादलानी, जगदीश आसवानी, मोहन मीरचंदानी, गुलाब जेठानी, हरीश मेहरचंदानी, माधव पारदासानी सहित कई उपस्थित थे।

## भागवत कथा के अंतिम दिन कृष्ण-सुदामा मिलन की कथा सुनाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के आयोजक श्री राधा-कृष्ण जनकल्याण जनसेवा समिति के अध्यक्ष, वार्ड 73 के पार्षद श्री राजू राठौर ने संबोधित करते हुए समिति कार्यकर्ता तथा क्षेत्रीय नागरिकों को कथा को भव्य एवं सफल बनाने के लिए बधाई, शुभकामनाएं दी तथा सबके परिवार में सुख समृद्धि के लिए प्रभु से प्रार्थना की । 21 मार्च 2023 को आयोजित भंडारा प्रसादी के लिए क्षेत्रीय नागरिकों को परिवार सहित आमंत्रित किया । पंडित श्री सिद्धांत महाराज के द्वारा 7 दिन कथा का श्रवण कराया। कार्यक्रम में भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, श्री गुरु गोरखनाथ मंदिर के महंत पप्पू नाथ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश सचिव एडवोकेट केपी पाठक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष रामदयाल धाकड़, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष किशनलाल चौरसिया आदि मौजूद रहे।

## विजय नगर लालघाटी में धूमधाम से मनाया जाएगा नया साल



**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज उत्थान पंचायत विजय नगर, लालघाटी द्वारा इस साल भी चेतीचांद के एक दिन बाद शनिवार 25 मार्च को झूलेलाल जयंती, गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नव वर्ष पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, यह कार्यक्रम मृत्युंजय मंदिर प्रांगण में शाम 7 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि 11 बजे तक चलेगा। ज्ञात है कि पिछले वर्ष भी मुंबई की सिंधी समाज की सबसे बड़ी कलाकारा काजल चंदीरामानी ने भोपाल आकर विशेष प्रस्तुति दी थी और इस बार कार्यक्रम को भव्य रुप देते हुए राम-श्याम एवं पार्टी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पंचायत के अध्यक्ष आनंद सबधाणी ने बताया कि 22 मार्च को शाम 7 बजे मूर्ति स्थापना, 23 मार्च को सुबह 8 बजे प्रभात फेरी, 23 मार्च को दोपहर 3 बजे जुलूस में भी भोपाल के लोगों से आने की अपील की है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रतापराय तनवानी, इंदर दास मेंघानी,

### चेतीचांद पर राम-श्याम पार्टी का होगा परफॉर्मेंस: आनंद सबधाणी

राधेश्याम नाथानी, किशन आसुदानी, कैलाश शर्मा, कमल वच्छानी, मनोहर असुदानी, किशन मूरजानी, नंदलाल मोतियानी, अर्जुन वाधवानी, प्रदीप ममतानी, अशोक शोभानी, गणेश नथानी, मोतीराम मेघानी, गीता सचदेव, गीतू सदानी, गौरी चंदानी, सुशीला सुशी, कृष्णा मुरजानी, रेखा देवी, सरिता नथानी, गोपाल हरीसिंहानी, कन्हैयालाल सुखवानी, डॉ राकेश गुलानी, हीरानंद गनवानी, अशोक टिलवानी, ओमप्रकाश मेंघानी, डॉक्टर बुधवानी, कैलाश आसुदाणी, अशोक वीधानी, मोहन मंशानी, अशोक तीर्थाणी, तपेश कुमार, हरीश छुगाणी, ज्योति डुलानी, रमा वाधवानी। जवाहर देवनानी, ललित सोनी, ललित लछवानी, सुधीर ग्वालानी, कपिल कुमार आदि सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने एकजुट होकर कार्य भी प्रारम्भ कर दिया है।

## विंध्य प्रदेश बनाने विंध्य सहयोग मंच ने विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन




**भोपाल।** विंध्य प्रदेश की मांग लगातार जोर पकड़ती जा रही है। समय-समय पर इसको लेकर धरना प्रदर्शन और आंदोलन हुए हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है। यह अभियान से जनता जनार्दन भी जुड़ रही है। इसी कड़ी में विंध्य सहयोग मंच की संयोजिका वंदना द्विवेदी ने विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को ज्ञापन सौंपा और उस पर विचार करने की मांग की। ज्ञापन में वंदना द्विवेदी ने लेख किया है कि छोटे प्रदेशों के बनने से उस क्षेत्र का विकास ज्यादा होता है। इसके उदाहरण तेलंगाना, छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड आदि स्थानीय क्षेत्रवासियों की मांग पर पृथक राज्य बने। इन राज्यों के बनने से वहां का विकास तीव्र गति से हुआ। जबकि आजादी के बाद सन 1948 से लेकर 1956 तक पृथक विंध्य राज्य अस्तित्व में था। जिसको 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर विंध्य की जनता की मंशा के विपरीत विलीनीकरण करते हुए मध्यप्रदेश में शामिल कर दिया। इसके अलावा ज्ञापन में विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का भी उल्लेख किया और उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सेवा भारती शंकराचार्य मंडल की भजन मंडली प्रतियोगिता एवं होली मिलन हुआ




**भोपाल।** सेवा भारती शंकराचार्य मंडल के तत्वधान में 21 भजन मंडलियों के बीच प्रतियोगिता में आदर्श नगर विजेता टीम को मुख्य अतिथि महामंत्री भगवानदास सबनानी,बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ धनीराम सिंह पवार मंडल अध्यक्ष जगदीश बसंतानी,सुषमा विश्वकर्मा, चेतन भार्गव, तारा विश्वकर्मा, प्रवीण सक्सेना,द्वारा पुरस्कृत किया गया सेवा भारती महानगर के मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने भजन मंडली की रूपरेखा एवं उसके उद्देश्य बताए इससे पूर्व अबीर गुलाल और पुष्प पंखड़ियो के बीच नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच होली मिलन हुआ। इस अवसर पर लोकेंद्र पाल सिंह, मोहन मिश्रा, मनोज सोनी,अशोक गंगवानी, शिव शंकर कुशवाहा,सचिव राजेश मैथिल, राजबहादुर राजपूत,कोषाध्यक्ष डा. शोभाराम पवार, राकेश ग्रोवर, तरवर, डॉ अमित मिश्रा, जितेंद्र राठौर, सुनीता जैन,अनीता ताम्रकार, सरिता विश्वकर्मा, बबीता वर्मा, अर्चना श्रीवास्तव, सुनीता सिंह, सुनीता चौहान इंदिरा दुबे, मंजू वर्मा राजेश्वरी,पूर्णकालिक देवीराम साहू सहित भारी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## एन्युअल अवॉर्ड सेरेमनी में संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य सम्मानित




**संत हिरदाराम नगर।।** डिपार्टमेंट ऑफ कन्टीन्युइंग एजुकेशन एंड एक्सटेंशन, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल एवं सोसायटी ऑफ रिसर्च इन एजुकेशन एंड एक्सटेंशन, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में तृतीय मंथली एजुकेशनल डायलॉग (एमईडी) एवं एनुअल अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। डॉ. हेमंत खंडाई, विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ कन्टीन्युइंग एजुकेशन एंड एक्सटेंशन, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रदेश के अनेक जिलों से कई शिक्षक प्रतिनिधियों ने प्रतिभागिता की। इस कार्यक्रम में डॉ. डालिमा पारवानी, प्राचार्य, संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में उत्तम शिक्षण एवं शोधकार्य में सर्वश्रेष्ठ योगदान हेतु देवी अहिल्या मेमोरियल अवॉर्ड फॉर वुमन इंपावरमेंट सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही डॉ. सुनीला चैबे, विभागाध्यक्ष, शिक्षा संकाय, संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय को भी शिक्षाश्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### वाल्मी में वर्ल्ड वाटर डे का आयोजन संपन्न

**भोपाल।** वाल्मी के संयुक्त तत्वाधान में 19 मार्च 2022 को वर्ल्ड वाटर डे का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे. कार्यक्रम में डब्ल्यू आर डी एवं अर्बन डेवलपमेंट कंपनी, पीएचई, पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता, वाल्मी के अभियंता, विभिन्न विभागों के अभियंताओं, तकनीकी शिक्षण संस्थाओं के प्रोफ़ेसर एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एस एन मिश्रा द्वारा मध्यप्रदेश में वाटर मैनेजमेंट की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी. मध्य प्रदेश राज्य केंद्र के चेयरमैन इंजी राजेश बिसारिया द्वारा सभी का स्वागत किया गया । उन्होंने इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के प्लेटफार्म पर तकनीकी को आगे बढ़ाने के लिए सभी से कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया, जिसमें विद्यार्थी भी शामिल हो. कार्यक्रम के कन्वीनर इंजीनियर पीके तिवारी द्वारा वर्ल्ड वाटर डे की थीम पर प्रकाश डाला। इंजी विकास राजोरिया एवं इंजी शुभंकर विश्वास द्वारा मुख्य वक्ताओं के रूप में विषय पर प्रकाश डाला।

## किसानों को दी मिसकॉल नम्बर की जानकारी



**संत हिरदाराम नगर।** हथाईखेड़ी गांव में वोडाफोन आइडिया स्मार्ट प्रोजेक्ट और इंडस टावर के माध्यम से सॉलिडेरीडेड संस्था द्वारा किसानों को पोर्टेबल वर्मी बेड वितरित किए गये साथ ही किसानी से संबंधित जानकारी भी दी गयी। जिसमें किसान पाठशाला के माध्यम से लीड फार्मर योगेश त्यागी और सॉलिडेरिटी संस्था के फील्ड एसोसिएट श्रीराम मेवाड़ा ने किसानों को बताया कि वो किस तरह से आज के तकनीकी युग में मोबाइल पर मौसम संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और उन जानकारियों के माध्यम से अपनी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से बचा सकते हैं साथ ही किसान दवाइयों की सही जानकारी लेकर अपनी लागत को कम कर सकते हैं।

इसके साथ ही उन्होंने जैविक खेती की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह वर्मी बेड द्वारा केंचुआ खाद उत्पन्न कर जहर मुक्त फसल का उत्पादन कर सकते हैं और अपनी लागत कम कर मिट्टी में पाए जाने वाले तत्वों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। इसके साथ ही किसानों को लागत कम करने के लिए वर्मी बेड वितरित किए गए और केंचुआ खाद बनाने की विधि बताई गई। इसके अलावा किसानों को मिस कॉल नंबर 7065005054 बताया जिस पर मिस कॉल कर किसान 7 दिन की एडवाइजरी के साथ मौसम संबंधी और कृषि संबंधित जानकारियां निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।



# ओलावृष्टि-बारिश से क्षतिग्रस्त हुई फसलों का जल्द करें सर्वे : गोविंद सिंह राजपूत

## राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, न हो कोई लापरवाही



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

तेज बारिश, आंधी-तूफान तथा भारी ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिसको लेकर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रदेश के समस्त संभागायुक्त, कलेक्टर तथा, तहसीलदार एवं पटवारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मौके पर पहुंचकर फसलों का निरीक्षण करें । श्री राजपूत ने कहा कि जिन किसानों की फसलों को तेज बारिश तथा ओलावृष्टि के कारण नुकसान हुआ है वह चिंता ना करें, सरकार उनके साथ है। सभी किसानों को फसलों का पर्याप्त मुआवजा दिया जाएगा। श्री राजपूत ने अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर सर्वे करने के निर्देश दिए हैं।

श्री राजपूत में किसानों से आग्रह किया है कि आप धैर्य रखें, सरकार आपके साथ है। किसानों को नुकसान हुई फसलों का पर्याप्त मुआवजा दिया जाएगा। कुछ समय पूरे प्रदेश में ओलावृष्टि और बारिश के कारण किसानों की फसलें नष्ट हुई है जिसको लेकर सरकार गंभीर है और जल्द ही सभी किसानों को मुआवजे की राशि मुहैया कराई जाएगी। किसी भी हालत में किसानों को भाजपा की सरकार परेशान नहीं होने देंगी।

## आंदोलनरत कोटवारों के बीच पहुंचे राजस्व मंत्री, मांगों के निराकरण का दिया आश्वासन



**भोपाल।** कोटवार राजस्वप विभाग की नींव का पत्थर हैं, साथ ही राजस्व विभाग की पहली कड़ी भी हैं । विभाग के कार्यों में कोटवारों की भूमिका कों नहीं नकारा जा सकता हैं । वे गांव में राजस्व अमले तथा पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करते हैं । मेरा मानना है कि आप लोगों को कार्य का अवसर मिला है और कार्य करना भी चाहिए । राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत सेन्ट्रल लायब्रेरी मैदान में मध्यप्रदेश कोटवार संघ द्वारा किये जा रहे धरने में यह बातें कही। श्री राजपूत ने कोटवारों से धरना समाप्त करने की अपील करते हुए कहा कि प्रदेश में कोटवारों के लिए तीन तरह की व्यवस्थाएं है। कुछ के पास जीवकोपार्जन के लिए अच्छी जमीन है तो कुछ के पास कम जमीन है और कुछ के पास बिल्कुल भी जमीन नहीं है। कोटवारो को लेकर मुख्यमंत्री का संवेदनशील नजरिया और आर्शीवाद है हम जल्द ही कोटवारों को सरकार की तरफ से एक सम्मेलन बुलवाएंगे जहां मुख्यमंत्री के समक्ष कोटवारों की विभिन्न मांगों को लेकर अपनी बात रखेंगे। राजपूत ने कहा कि आप इस बात से निश्चित रहें कि जितनी भी जायज मांग होगी उन्हे पूर्ण कराये जाने का मेरी तरफ से हरसंभव प्रयास किया जायेगा । 11 दिन से चल रहे धरने को समाप्त करने की अपील करते हुए राजस्व एवं परिवहन मंत्री राजपूत ने कहा कि कोटवार इस बात से आश्वत रहे कि उनकी बात उचित स्थान पर पहुंच गई है इसलिए इस धरने को समाप्त कर सभी अपने स्थांन पर वापस लौट जाये।

**ओला वृष्टि के आंकलन में करें सहयोग:** कोटवारों को संबोधित करते हुए राजपूत ने कहा कि प्रदेश में इस समय असमय बारिश एवं ओलावृष्टि से किसान परेशान है। आप राजस्व अमले का इस कार्य में सतत सहयोग करे।

### कलेक्टर दर पर मिले वेतन

सम्मेलन को संबोधित करते हुए म.प्र. कोटवार संघ के अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में 36 हजार, 650 कोटवार कार्यरत है । सभी कोटवारों को शासकीय कर्मचारी घोषित करते हुए कलेक्टर रेट पर वेतन दिया जाये। सेवा भूमिधारी कोटवारों को भूमिस्वामी का मालिकाना हक प्रदाय किया जाये। यादव ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कोटवार का पद समाप्त न किया जाये साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में भी एक से अधिक कोटवार के पद होने पर उस पद को यथावत रखा जाये।



**भोपाल। प्रदेश में मौसम में आए बदलाव के चलते पिछले कुछ दिन से लगातार बारिश और कही कही ओले भी गिर रहे हैं। सोमवार को भी यही हालात रहे। जिससे सबसे अधिक गेहूं और चने की फसल को नुकसान पहुंचा है।**

# जागरूक बनें और मानव दुर्व्यापार को रोकने में अपना योगदान दें: एडीजी प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

## मानव दुर्व्यापार निरोधी इकाई के नोडल अधिकारियों के लिए 'चेतना' कार्यशाला आयोजित

पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा प्रदेश के जिलों एवं रेलवे की मानव दुर्व्यापार निरोधी इकाई के नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय 'चेतना' (कैपेसिटी बिल्डिंग वर्कशॉप ऑन एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) कार्यशाला का नवीन पुलिस मुख्यालय के भूतल सभागार में शुभारंभ किया गया।

महिला सुरक्षा शाखा की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने कहा कि हम अपने आसपास बाल श्रम होते देखते हैं, बच्चों को भीख मांगते देखते हैं, किसी की जबरन शादी होते देखते हैं, परंतु हम कुछ नहीं करते। हमें इस मानसिकता को तोड़ना होगा। यदि आप पीड़ित को बचा नहीं पा रहे हैं तो आप उसकी जिंदगी खराब कर रहे हैं। मानव दुर्व्यापार को लेकर हमें और अधिक संवेदनशील होने की आवश्यकता है। ह्यूमन ट्रैफिकिंग अपराध नहीं, पाप है। उन्होंने उपस्थितजन से कहा कि इस कार्यशाला से जाने के बाद आप जहां भी जाएं वहां अपना बेस्ट दें। यहां एक्सपर्ट आपको जो भी बताएं, उसके अनुसार उचित कार्रवाई करें, जागरूक बनें और मानव दुर्व्यापार को रोकने में अपना योगदान दें।

कार्यशाला में पुलिस मुख्यालय में एसआईएसएफ के एआईजी डॉ.वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने मानव दुर्व्यापार व आईटीपीए के संदर्भ में कानूनी पहलुओं और महत्वपूर्ण न्यायिक घोषणाओं के बारे में बताया। उन्होंने मानव दुर्व्यापार के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

# भारतीय भाषाओं की पाठ्य सामग्री का भी हिंदी पाठ्यक्रमों में समावेश करेंगे : डॉ. यादव

## चेटीचंड पर्व पर सांस्कृतिक संध्या और राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में शामिल हुए उच्च शिक्षा मंत्री

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



उच्च शिक्षा मंत्री डॉ मोहन यादव ने चेटीचंड के अवसर पर सिंधु जागृत समाज उज्जैन के सहयोग से रविवार की शाम उज्जैन में मध्यप्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी, संस्कृति विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या और राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। उन्होंने इस अवसर पर लेखन, गायन और नाट्य अभिनय क्षेत्र में सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2019, 2020 और 2021 के लिए चयनित प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया।

मंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाली और आध्यात्मिक क्षेत्र की सिंधी समाज की विभूतियों पर पाठ्य सामग्री हिंदी में शामिल करने के संबंध में प्राप्त सुझावों का क्रियान्वयन किया जाएगा। नई शिक्षा नीति के तहत मातृ भाषाओं को महत्व दिया जा रहा है। इस नीति के अंतर्गत सिंधी भाषा से संबंधित पाठ्य सामग्री को भी स्थान दिया जाएगा। डॉ यादव ने कहा कि संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में सिंधी भी शामिल है। इस नाते राज्य सरकार इस संबंध में प्राप्त सुझावों पर आवश्यक निर्णय लेगी। प्रारंभ में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ यादव ने भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उज्जैन सिंधी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और जन समुदाय काफी संख्या में एकत्र था। सिंधी साहित्य अकादमी के निदेशक श्री राजेश वाधवानी ने अतिथियों का स्वागत किया।

**इन लेखकों और कलाकारों को मिला पुरस्कार:** संत शिरोमणि हिरदाराम सहित्य गौरव सम्मान से वर्ष 2019 के लिए श्री अमर गोपलाणी, इंदौर, वर्ष 2020 के लिए श्री के.टी. दादलाणी, भोपाल और वर्ष 2021 के लिए श्री भगवान बाबाणी, भोपाल को पुरस्कृत किया गया। इस पुरस्कार में चयनित साहित्यकारों को एक लाख रुपए की सम्मान निधि, शाल-श्रीफल और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाता है।

# रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल अरेरा का रंगारंग होली महोत्सव मना



**भोपाल।** रोटरी क्लब ऑफ़ भोपाल अरेरा द्वारा होली महोत्सव में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब एवं शहर के 15 शौकिया कलाकारों ने अपनी रूहानियत भरे गीतों से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया एक निजी होटल मे आयोजित इस भव्य कार्यक्रम मे बहुत ही खुशनुमा भरे माहौल मे होली स्नेह महोत्सव रंग बिरंगी गुलाल एवं फूलो की होली खेलकर मनाया गया आशीष तिवारी ने अपनी नटखट अदाओं से हाल क्या है दिलों का न पूछो सनम गीत पर डांस प्रस्तुत कर पुराने जमाने के कलाकार जितेंद्र की याद ताज़ा कर दी क्लब के सदस्यों ने सज धज कर बरसाने की होली के माहौल को साकार कर दिया कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं विश्व शांति गीत से हुई तत्पश्चात सदाबहार गीतों से इस संध्या का आगाज़ हुआ मधुर गीतों की प्रस्तुति मे नरेश शर्मा ने कौन है जो सपनों मे आया अनिल एवं पुष्पा चौहान ने होली के दिन दिल मिल जाते हैं नितिन जी ने दिलबर मेरे कब तक मुझे.. वाशु ने क्या यही प्यार है.. अंजु मिश्रा ने आयो तुम्हें चांद पे ले जाय.. सपना व संजय सक्सेना ने हम तुम चोरी से मेश ने गुलाबी आंखे जो तेरी देखी.. डॉ. दीपक व अंजली पंजारा ने दिल है कि मानता नही.. राधारमण त्रिपाठी ने झूम-झूम के नाचो आज.. और डॉ. चंद्रलेखा व दीपक ने ऑखो से तूने यह क्या कह दिया आदि पेश कर उमंग उत्साह और मोहब्बत के नगमे बिखेरे इस अवसर पर उपस्थित जन रंग अबीर गुलाल एवं फूलो से सरोबार पाए गए फाग गीत भी गाय गए। क्लब से जुड़े कुछ युवा कलाकारों ने रेटरो सांग व ग्रुप डांस परफॉर्मेंस भी किया वही आदर्श तिवारी ने अपने फनी अंदाज मे डांस प्रस्तुति दी होली के मधुर गीतों पर सभी कलाकारों ने सामूहिक डांस कर अपना जलवा बिखेरा क्लब अध्यक्ष अमृता आशीष तिवारी ने कहा की गीत संगीत एवं नृत्य का इतिहास आदिकाल से चला आ रहा है उन्होंने कहा कि हजारों साल से विविध रागो को गाया जा रहा है और बजाया जा रहा है वह अपनी जगह आज भी कायम है। देर रात तक रंगारंग महोत्सव अपने शबाब पर पहुंचकर संपन्न हुआ एवं उपस्थितजनों ने फाग की मस्ती मे डूबकर फिजायो को खुशनुमा रंग मे घोल दिया ।

# भोपाल विकास प्राधिकरण का वित्तीय बजट स्वीकृत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



भोपाल विकास प्राधिकरण मुख्यालय प्रगती भवन में प्राधिकरण संचालक मंडल की बैठक अध्यक्ष कृष्ण मोहन सोनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें भोपाल विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2023-2024 का बजट प्राधिकरण मंडल द्वारा स्वीकृत किया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कुल प्राप्तियाँ रूपये 50653.44 लाख एवं कुल व्यय रूपये 50623.80 लाख अनुमानित है। विगत वित्तीय वर्ष 2022-2023 में भोपाल विकास प्राधिकरण में रूपये 324 करोड की आय प्राप्त हुई तथा प्राधिकरण द्वारा 307 करोड रुपये विकास कार्यो पर व्यय किये गये है। भोपाल विकास प्राधिकरण द्वारा भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों के विकास हेतु सुनियोजित नगरीय विकास योजना प्रस्तवित है जिसके अर्न्तगत वागली, भैरोपुर में लगभग 435 हेक्टेयर भूमि एवं एयरोसिटी एक्सटेंशन नवीन नगर विकास योजना हेतु सौ हेक्टेयर का क्षेत्रफल विकसित किया जायेगा। उक्त दोनो योजनाओं के क्रियान्वयन होने से लगभग 8 किलो मीटर लम्बाई के मार्ग निर्माण के साथ-साथ आमजन हेतु आवासीय गव्यवसायिक / सार्वजनिक उपयोग हेतु विकसित भूखण्ड उपलब्ध हो सकेंगे।

# पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए महत्वपूर्ण है तकनीकी दक्षता: एडीजी चंचल शेखर

## ट्रेनी आईपीएस अधिकारियों को जमीनी स्तर पर डिजिटल टूल का उत्कृष्टता से प्रयोग करने के दिए टिप्स

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश में पदस्थ भारतीय पुलिस सेवा 2021 बैच के 09 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय स्थित राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो(एससीआरबी) में पहुंचकर पुलिस के कार्यों में उपयोग की जा रही सूचना एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित तकनीकों की जानकारी ली। इस सत्र में एससीआरबी द्वारा किए जा रहे कार्या की जानकारी प्रजेंटेशन के माध्यम से दी गई। इस दौरान 2021 बैच में मध्य प्रदेश को आवंटित भारतीय पुलिस सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारी अभिषेक रंजन, आदर्श कांत शुक्ला, आनंद कलादगी, अंकित सोनी, आयुष गुप्ता, कृष्ण लालचंदानी, मयूर खंडेलवाल, नरेन्द्र रावत तथा सुश्री विदिता डागर सम्मिलित हुए।

एडीजी (एससीआरबी) चंचल शेखर ने अधिकारियों को बताया कि अपराधों का निराकरण करने में जमीनी स्तर पर इन डिजीटल तकनीक और टूल का प्रयोग करें। परिवीक्षाधीन अवधि के दौरान अपने समय का पुलिसिंग के नए टूल्स सीखने में उपयोग करें। जिससे आपके कार्य की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बढ़े और नागरिकों को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त हो सके। खासतौर पर महिलाओं की सुरक्षा और वंचितों को न्याय दिलाने के प्रति सदैव अग्रसर रहें। प्रजेंटेशन के दौरान सीसीटीएनएस, ह्लस्न्ढ्रस् (नेशनल ऑटोमेटेड फिंगरप्रिंट आइडेंटिफिकेशन सिस्टम), ई-विवेचना ऐप, ई- एफआईआर, एमपी ई-कॉप सहित विभिन्न टूल्स के बारे में जानकारी दी।

# शहीदों को नमन करने वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन 23 को

**भोपाल।** देश के स्वतंत्रता संग्राम में कुर्बान हुए अमर शहीदों को नमन करने शहीद दिवस, 23 मार्च को शाम 6 बजे, राजीव गांधी कॉलेज, त्रिलंगा कॉलोनी में एक्टिव फ्रेंडस आफ भोपाल दौरान वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर पूर्व राज्य सभा सांसद और विचारक प्रभात झा तथा वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडेय के वक्तव्य व्याख्यान होंगे। एक्टिव फ्रेण्ड्स ऑफ भोपाल के पयोज जोशी, आराधना संजर श्रीवास्तव, डा. राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम शाम 5 बजे से शुरू होगा।

# एम्स में अग्नाशय शोथ को लेकर हुई डॉक्टरों की परिचर्चा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



पैंक्रियाटाइटिस (अग्नाशयशोथ) एक महत्वपूर्ण गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल (जीआई) रोग है। पैंक्रियाटाइटिस के दो रूप होते हैं एक्यूट (तीव्र) और क्रोनिक (दीर्घकालिक)। एक्यूट पैंक्रियाटाइटिस के दो सर्वाधिक प्रमुख कारण शराब का अत्यधिक सेवन तथा छोटे आकार की पित्त की पथरियां होना है ।

भारत में पैंक्रियाटाइटिस तथा गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों के बढ़ते दबाव को देखते हुए टास्क फोर्स स्कीम के अंतर्गत आईसीएमआर की वित्तीय सहायता एवं सर्जिकल एवं मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी विभाग के सहयोग से एम्स भोपाल मे एक बहुकेंद्रीक अनुसंधान परियोजना चलाई जा रही है। पैंक्रियाटाइटिस और अन्य प्रमुख गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों के प्रबंधन में शामिल चिकित्सकों और अस्पतालों की भूमिका में सुधार के लिए सहयोगात्मक उपाय के तौर पर मिश्रित माध्यम (ऑनलाइन और ऑफलाइन) से एक सीएमई आयोजित की गइ। प्रोफेसर (डॉ.) बर्था रथिनम, विभागाध्यक्ष, एनाटॉमी इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। डॉ. मनीषा श्रीवास्तव और प्रो. (डॉ.) अरुण कोकणे सम्मानित अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान डॉ. रजनीश जोशी विभागाध्यक्ष, मेडिसिन भी उपस्थित रहे। डॉ. संजीव कुमार, अपर प्राध्यापक, एम्स भोपाल तथा इस परियोजना के प्रधान अन्वेषक ने अग्नाशयशोथ की वर्तमान एपिडेमियोलॉजी के बारे में बताते हुए रोगी-केंद्रित परिणाम %विकलांगता समायोजित जीवन वर्ष (डीएएलवाई)% की आवश्यकता पर जागरूक किया। डॉ. सौम्या जगन्नाथ महापात्रा, सहायक प्राध्यापक, मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, एम्स दिल्ली ने तीव्र और दीर्घकालिक अग्नाशयशोथ के चिकित्सा प्रबंधन पर सत्र आयोजित किया । उन्होंने अग्नाशयशोथ के तीव्र से आवर्ती एवं आवर्ती से दीर्घकालिक होने के मार्ग की व्याख्या की। डॉ. विशाल गुप्ता, अपर प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्षा, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी ने सर्जिकल हस्तक्षेप की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने तीव्र अग्नाशयशोथ में अनावश्यक सूजन के दौरान क्रिटिकल देखभाल के विशेषज्ञों की टीम द्वारा प्रारंभिक देखभाल की आवश्यकता और चिकित्सा हस्तक्षेप पर जोर दिया । उन्होंने इंट्राएब्डॉमिनल और रेट्रोपेरिटोनियल पद्यति के माध्यम से अग्न्याशय सर्जरी के वीडियो दिखाए। डॉ. सारांश जैन, कंसल्टेंट मेडिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट ने तीव्र (एक्यूट) पैंक्रियाटाइटिस के जैसे प्रतीत होने वाले विशिष्ट पेट दर्द के विभेदक निदान की तुलना करके तीव्र और दीर्घकालिक अग्नाशयशोथ में नैदानिक दुविधा की व्याख्या की।

स म्पा द की य

# खुशी का इंडेक्स और हम...!

प्रसन्नता या खुशी न तो हालात पर निर्भर करती है न ही किसी बाहरी बात पर। कायदे से तो यह हमारी सोच, खानपान, शारीरिक सक्रियता और दिनचर्या से तय होती है। खुशी कह लें या फिर आनंद, सुख या प्रसन्नता, इसके लिए इंसान कुछ भी करने के लिए तैयार रहता है। मानवता के मायने भी यही है कि हम किसी को खुशी दे सकें तो इससे बेहतर कुछ नहीं होगा।। आखिर अपने आसपास दुखी, उदास और निराश लोग कौन देखना चाहता है! हमें चाहिए हंसते-मुस्कराते-खिलखिलाते चेहरे। तो क्यों न वैसा ही ख़ुद भी बना जाए।

और संभवत: इसीलिए इंटरनेशनल डे ऑफ हैप्पीनेस मनाते हैं, जिसके बहाने ख़ुशी के बारे में जानकर आप अपने हर दिन को ख़ुशी से भर सकें। इसका मतलब यह नहीं कि हम केवल एक दिन खुश रहें, हम जान सकें कि खुशी हमारे लिए क्यों जरूरी है? कल अंतर्राष्ट्री प्रसन्नता दिवस यानि इंटरनेशनल हैप्पीनेस डे था और इस मौके पर एनुअल हैप्पीनेस रिपोर्ट जारी की गई। लेकिन ख़ुशी दिवस पर यह जानकर आश्चर्य भी हुआ और थोड़ा दुख भी कि खुशी के इंडेक्स में शामिल 137 देशों की सूची में भारत 125वें स्थान पर है। यानि सबसे नीचे से थोड़ा ऊपर। और तो और भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान (108), म्यांमार (72), नेपाल (78), बांग्लादेश (102) जैसे देश भारत से बेहतर स्थिति में दिखाए गए हैं। रिपोर्ट में फिनलैंड को दुनिया का सबसे ख़ुशहाल देश बताया गया है। उसे लगातार छठवीं बार पहला स्थान मिला है।

इस सूची में अफगानिस्तान को 137वां यानी अंतिम स्थान मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, वहां के लोग सबसे ज्यादा दुखी हैं। सबसे कम खुशहाल देशों की सूची में दूसरे देश- लेबनान, जिम्बॉब्वे, द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो आदि देश हैं। इन देशों में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है और लोगों में लंबा जीवन जीने की आशा काफी कम है। रूस-यूक्रेन में पिछले एक साल से जंग चल रही है। फिर भी हैप्पीनेस इंडेक्स में उनकी पोजिशन भारत से बेहतर है। रूस को 70वें और यूक्रेन को 92वें नंबर पर रखा गया है। ये रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्युशंस नेटवर्क ने जारी की है। ये 150 से ज्यादा देशों के लोगों पर किए गए ग्लोबल सर्वे डाटा के आधार पर बनाई जाती है। इसमें जीडीपी पर कैपिटा, सोशल सपोर्ट, जीवन प्रत्याशा, आजादी, भ्रष्टाचार और उदारता जैसे फैक्टर्स का विशेष ध्यान रखा जाता है।

दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था होने के बाद भी भारत खुशी के इंडेक्स में काफी निचले पायदान पर रहता है। ऐसे में कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि भारत संकट में फंसे देशों से भी नीचे क्यों है? आर्थिक हालात निश्चित तौर पर हमारी ख़ुशी पर असर डालते हैं। हम भले ही तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन इसकी एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि पूरी दुनिया के साथ ही हमारे देश में भी आर्थिक असमानता की खाई चौड़ी होती जा रही है। पांच प्रतिशत लोगों के पास बाकी लोगों के बराबर सम्पत्ति बताई जाती है। कोविड ने करोड़ों लोगों की खुशियां छीन ली हैं। आंकड़ों और सरकारी रिकार्ड में बाजार उठा है। नौकरियां बढ़ी हैं। लोगों की औसत आय बढ़ी है। लेकिन यह औसत आय है। रोजगार के आंकड़ों में रोज खाने लायक भी कमाई न कर पाने वाले रोजगार भी शामिल कर लिए जाते हैं। और ये आंकड़े भी हैं कि कोविड के दौरान जहां करोड़ों बेरोजगार हुए, वहीं कुछ लोगों की सम्पत्ति दो सौ गुना से भी ज्यादा बढ़ी। क्या पूछा जा सकता है कि इसे क्या कहेंगे?

आर्थिक हालात के साथ ही हमारे आसपास का वातावरण भी बहुत असर डालता है। हम कितना ही सकारात्मक सोचें, हमारे परिवार की परिस्थितियां, आसपास का माहौल उसे नकारात्मक करने में सफल हो ही जाता है। हमारे मध्यप्रदेश में तो बाकायदा आनंद विभाग खोला गया था। करोड़ों खर्च भी किए गए। विभाग तो आज भी है। लेकिन कुछ सैकड़ा लोगों के चेहरे पर ही मुस्कराहट के भाव ला पाया, जिनके माध्यम से दिखावटी आयोजन करके खानापूर्ति की गई, बाकी न तो उसके सर्वे का कहीं पता है और न ही उस विभाग के होने का औचित्य ही समझ आया।

फिर भी हमें ख़ुश रहने का प्रयास तो करना ही चाहिए। असल में मुस्कराहट और ख़ुशी के बीच सीधा संबंध है। जब हम मुस्कराते हैं तो हमारे मस्तिष्क से एंडोर्फिन, डोपामाइन और सेरोटोनिन नामक रसायन या न्यूरोट्रांसमीटर निकलते हैं जो ख़ुशी और आनंद की भावनाओं के लिए ज़िम्मेदार हैं। ये रसायन तनाव के स्तर को कम करने और सुकून को बढ़ावा देने में मदद करते हैं, जिसका हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। ...तो जानिए ख़ुशी के लिए ज़िम्मेदार आठ रसायनों के बारे में। इन्हें आप आनंद का अष्टांग मार्ग भी कह सकते हैं। हम इस मामले में भाग्यवादी भी बन जाएं, तो कोई दिक्कत नहीं। खुश रहने के बहाने खोजें। हंसें..ठहाके लगाएं। तमाम रोग भी दूर होंगे और वातावरण में भी सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होगा।

# संभावनाएं तलाशते भारत-बांग्लादेश

**ब्रह्मदीप अलूने**

पिछले पांच दशकों में भारत और बांग्लादेश के आपसी रिश्तों में कई उतार चढ़ाव आयें है। भारत को अपने इस पड़ोसी राष्ट्र से गंभीर सुरक्षा चुनौतियां मिलती रही है लेकिन इसके समाधान को भारत ने परस्पर आर्थिक सहयोग बढ़ाकर ढूंढा है तथा इसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आ रहे है।

दरअसल भारत और बांग्लादेश के बीच एक मैत्री तेल पाइपलाइन की शुरुआत होने जा रही है। दोनों देशों के बीच यह पहली तेल पाइपलाइन होगी। करीब तीन सौ सतहत्तर करोड़ रूपये वाली इस परियोजना पर खर्च होने वाली लागत का अधिकांश भार भारत ही उठाने जा रहा है। इससे उत्तरी बांग्लादेश के सात राज्यों में हाई स्पीड डीज़ल पहुंचाया जाएगा। भारत की सैन्य और आर्थिक मदद से 1971 में अस्तित्व में आयें बांग्लादेश में करीब डेढ़ दशकों से राजनीतिक स्थिरता कायम है और यह स्थिति भारत के लिए मददगार साबित हुई है। हालांकि दक्षिण एशिया के राष्ट्रों के बीच आपसी संबंध मित्रता से ज्यादा प्रतिद्वंदी के रहे है और इसका प्रभाव भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा पर पड़ता रहा है। भारत के लिए बांग्लादेश उसका अहम पड़ोसी होने के साथ दक्षिण एशिया में सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार भी है।

भारत और बांग्लादेश के संबंधों के कई आयाम है। दोनों देशों से सर्वोच्च स्तर पर बेहतर सम्बन्ध कायम करने की कोशिशों में तेजी आई है और इसके अपेक्षित परिणाम भी हुए है। बांग्लादेश में अवामी लीग की सरकार का फायदा सामरिक,राजनीतिक और आर्थिक रूप से दोनों देशों को मिला है। भारत और बांग्लादेश के बीच करीब 4 हजार किलोमीटर से ज्यादा की सीमा रेखा है और यह मुख्यत: असम,त्रिपुरा,पश्चिम बंगाल,मेघालय और मिजोरम को छूती है। बांग्लादेश और भारत सीमा के बीच पूर्वोत्तर की भौगोलिक परिस्थितियां घुसपैठ के अनुकूल है और इसका फायदा उठाकर पाकिस्तान की खुफियां एजेंसी आईएसआई ने लंबे समय तक खूब उठाया। इससे घुसपैठ,तस्करी,मदरसों का जाल और नकली मुद्रा के अवैध कारोबार से भारत की समस्याओं को बढ़ावा मिला। 2009 में शेख हसीना के बांग्लादेश की सत्ता में आने के बाद से दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग की कई मिसालें बनी हैं। पूर्वोत्तर भारत में चरमपंथी गतिविधियों पर लगाम लगाने में बांग्लादेश ने कई बार सहयोग किया है। एक दौर में असम में सक्रिय अलगाववादी संगठन उल्फा के बांग्लादेश के भीतर कई ठिकाने हुए करते थे। शेख़ हसीना के पीएम बनने के बाद इन संगठनों के ख़िलाफ़ बांग्लादेश ने कार्रवाई की है और कई चरमपंथियों को भारत के हवाले भी किया है।

दो साल पहले बांग्लादेश में फ़ेनी नदी पर बने मैत्री सेतु के उद्घाटन से माहौल में गर्मजोशी देखी गई है। इस पुल ने त्रिपुरा के सबरूम से चटगांव बंदरगाह की दूरी को बहुत कम कर दिया है,यह कारोबार और आवाजाही की दृष्टि से भी अहम है। बांग्लादेश की मदद की वजह से भारत को सुरक्षा के क्षेत्र में होने वाले ख़र्च में लाखों डॉलर की बचत हो रही है। चार हज़ार किलोमीटर से अधिक लंबे भारत-बांग्लादेश बॉर्डर का इस्तेमाल उत्तर पूर्व भारत के कई चरमपंथी समूह सीमापार जाकर अपनी गतिविधियां जारी रखने को करते थे। 2016 में बांग्लादेश और भारत के बीच पैट्रोपोल और बेनापोल के बीच व्यापार मार्ग की शुरुआत हुई,जो दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में अहम माना गया।



भारत की भौगोलिक सीमा की कठिनाइयों को देखते हुए बांग्लादेश ने चटगांव और मोंगला बंदरगाह,उत्तर पूर्व में व्यापार के लिए खोल दिए हैं। यह दोनों देशों के आपसी सम्बन्धों को उच्चतम स्तर पर ले जाने वाले कदम है।

हालांकि भारत और बांग्लादेश के आपसी रिश्तों को प्रभावित करने की चीन की कोशिशें भी बदस्तूर जारी है। वह दक्षिण एशिया के विभिन्न देशों को कर्ज के जाल में उलझाकर भारत पर सामरिक बढ़त लेना चाहता है और उसे इसमें सफलता भी मिली है। भारत के कई उत्तर पूर्वी राज्यों की सीमाएं बांग्लादेश को छूती है। इन इलाकों की कठिन भौगोलिक स्थिति तथा विविध सांस्कृतिक परिस्थितियों ने भारत की चुनौतियों को बढ़ाया है। दक्षिण एशिया में भारत के सामर्थ्य को प्रभावित करने की चीनी बदनीयती में बांग्लादेश कहीं न कहीं मददगार बना है। दुनिया की घनी आबादी वाले देशों में शुमार बांग्लादेश ख़राब आधारभूत ढांचा के कारण कई मामलों में बहुत पिछड़ा हुआ है लेकिन चीन कई मोर्चों पर बांग्लादेश को वन बेल्ट वन रोड परियोजना के तहत कई बड़ी परियोजनाओं में आर्थिक मदद मुहैया करा रहा है। चीन पद्मा नदी पर चार अरब डॉलर का एक ब्रिज रेलवे लाइन बना रहा है जो बांग्लादेश के दक्षिणी-पश्चिमी और उत्तरी-पूर्वी इलाक़ों को जोड़ेगा। चीन और बांग्लादेश के बीच 2002 में रक्षा सहयोग पर समझौता हुआ था। चीन बांग्लादेश को परमाणु ऊर्जा के विकास में भी सहायता कर रहा है।

चीन कुनपिंग परियोजना का अंतर्गत चीन म्यांमार के रास्ते चटगांव और कुनपिंग,चीन को 900 किलोमीटर लंबे राजमार्ग से जोड़ने की योजना बना रहा है जिससे दोनों देशों के बीच व्यापार में वृद्धि हो सके। बांग्लादेश ने भी इस परियोजना के लिए हामी भर दी है। बांग्लादेश इस समय चीन से सर्वाधिक हथियारों का आयात कर रहा है। बांग्लादेश के ढाका स्टॉक एक्सचेंज भी चीन के प्रभाव में है। वह पाकिस्तान के बाद चीन से सैन्य हथियार ख़रीदने वाला दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा देश है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना भी इस बात को मानती हैं कि चीन इस इलाक़े में बड़ी भूमिका निभा रहा है। भारत और बांग्लादेश के बीच नदी के पानी के बंटवारे को लेकर तो तनाव होता ही रहा है लेकिन अब चटगांव बंदरगाह पर चीन के प्रभाव से सामरिक चुनौतियां भी बढ़ गई है।

यहां इस तथ्य को भी नहीं नकारा जा सकता की बांग्लादेश चीन के साथ मजबूत सम्बन्धों को आगे करके भारत से सौदेबाजी की संभावनाओं को भी तलाशता रहा है। पूर्वोत्तर की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि बांग्लादेश भारत को पारगमन मार्ग की सुविधा प्रदान करें। भारत के विभाजन के बाद भारत का उत्तर पूर्वी क्षेत्र भू आबद्ध क्षेत्र बन गया है। इस क्षेत्र का शेष भारत से जुडाव सिलीगुड़ी गलियारें के द्वारा होता है,जो लगभग 40 किलोमीटर चौड़ा है। यह एक ओर चीन तथा दूसरी ओर बांग्लादेश से घिरा हुआ है। भारत के उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए यह एकमात्र संपर्क मार्ग है। पारगमन मार्ग मिलने से भारत को बड़ा आर्थिक और सामरिक फायदा हो सकता है। जैसे कोलकाता और अगरतला के बीच की दूरी करीब बारह सौ किलोमीटर कम हो जाएगी। इसी प्रकार बांग्लादेश के चटगांव पत्तन को अगरतला रेल मार्ग से जोड़ दिया जाएं तो उत्तर पूर्वी राज्यों से भारत के अन्य क्षेत्रों के लिए सामानों की आवाजाही सरल हो जाएगी।

बांग्लादेश भारत को सहूलियतें तो देना चाहते है लेकिन वह अपने राष्ट्रीय हितों को भी आगे किए हुए है। बांग्लादेश तीस्ता नदी के पानी को लेकर आशान्वित है और भारत से समझौता करना चाहता है। तीस्ता का पानी बांग्लादेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उसके उत्तरी इलाक़ों में पानी की किल्लत है और इसे सिक्किम के रास्ते उत्तरी बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करने वाली तीस्ता नदी ही पूरा कर सकती है। उन इलाक़ों में गर्मियों के दिनों में खेती बाड़ी के लिए पानी पूरा नहीं हो पाता है। वहीं भारत के लिए यह स्थिति कठिन है क्योंकि पश्चिम बंगाल के उत्तरी हिस्से के किसान ऐसे किसी समझौते से संकट में पड़ सकते है। बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए भारत से ट्रांज़िट रूट चाहता है। नेपाल और भूटान ऐसे देश हैं जिनका कोई हिस्सा समुद्र तट से नहीं मिलता। बांग्लादेश इन देशों को अपनी बंदरगाहों से जोड़कर,आर्थिक लाभ उठाना चाहता है।

भारत और बांग्लादेश के बीच अभी कई समस्याएं है जिनका समाधान बहुत दूर नजर आता है। बांग्लादेश के जन्म का सबसे बुरा असर असम झेलने को मजबूर है। असम से अलग हुए मेघालय,मणिपुर,नागालैंड समेत त्रिपुरा को जनजातियों का राज्य माना जाता था और यहां 80 प्रतिशत जनजातियां निवास करती थी। 1971 के बाद यहां की जनसंख्या में भारी बदलाव आया है और अब जनजातीय समूह अल्पमत में आ गए है। पूर्वोत्तर के जनसांख्यिकी बदलाव से सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान खोने का संकट बढ़ा तो जनजातीय समूहों ने हथियार उठा लिए और अब इन इलाकों में पृथकतावादी और हिंसक आंदोलनों का गहरा प्रभाव देखने में आता है। दूसरी तरफ पूर्वोत्तर में घुसपैठ और उग्रवाद की समस्या इतनी विकराल रही है कि यहां काम करने वाली सरकारें इन्हीं मुद्दों में उलझी रहती है,जिससे यह समूचा क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता के बाद भी गरीबी,पिछड़ेपन,जातीय हिंसा और साम्प्रदायिक समस्याओं में बूरी तरह जकड़ा हुआ है।

म्यांमार से विस्थापित 10 लाख रोहिंग्या शरणार्थियों का बोझ झेल रहे बांग्लादेश में आम राय यह है कि भारत ने इस मामले में अपनी ज़िम्मेदारी नहीं निभाई। जबकि रोहिंग्या के कारण भारत की आंतरिक सुरक्षा पर संकट बढ़ा है। नदियों के पानी को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद थमता नजर नहीं आता है। दोनों देशों के बीच करीब पचास से अधिक नदियां बहती हैं लेकिन 1996 गंगा समझौते के बाद दोनों में पानी के बंटवारे को लेकर कोई समझौता नहीं हो पाया है। सीमा पर बाड़ लगाना बाकी है,कई स्थानों पर दोनों देशों की सेनाएं आमने सामने आ जाती है। फरक्का बांध का विवाद बना हुआ है। तिपाई मुख बांध बराक और तुबई नदियों पर बन रहा है जिसका बांग्लादेश विरोध कर रहा है। बांग्लादेश और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। बहरहाल तमाम चुनौतियों के बीच भी भारत और बांग्लादेश के संबंध बेहतरीन दौर में है और इसका फायदा समस्याओं के समाधान की दिशा में उठाने की जरूरत है।

# सुनी-सुनाईः मंहगे विदेशी साफ्टवेयर से चुनावी सर्वे!

**रवीन्द्र जैन**

मप्र में शासन प्रशासन पूरी तरह चुनावी मोड पर आ चुका है। राज्य सरकार के एक खास विभाग को सरकार की ओर से चुनावी सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खबर आ रही है कि इस विभाग ने सर्वे के लिए विदेश से मंहगे साफ्टवेयर खरीदे। लगभग 10 हजार लोगों से बातचीत पर नये साफ्टवेयर के जरिये एनालिसिस किया गया। इसका परिणाम भाजपा और सरकार को परेशान करने वाला आया है। फिलहाल विभाग के मुखिया ने सरकार के मुखिया को प्रारंभिक सर्वे रिपोर्ट भेज दी है। मंत्रालय में इस सर्वे से ज्यादा चर्चा सर्वे के लिए खरीदे गये साफ्टवेयर की हो रही है। चर्चा यह भी है कि इस विभाग ने पहली बार सर्वे के लिए 10 हजार लोगों का बड़ा सेम्पल लिया है।

**सबनानी का शक्ति प्रदर्शन**

मप्र भाजपा कार्यालय के प्रभारी महासचिव भगवानदास सबनानी इस महीने बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने वाले हैं। वे देश विदेश के सिंधी समाज को बड़ी संख्या में भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर एकत्रित करने की योजना बना रहे हैं। शहीद हेमू कलानी के जन्म शताब्दी के बहाने भोपाल में होने वाले सिंधी समाज के इस ग्रांड शो के चीफ गेस्ट राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत होंगे। इस बड़े आयोजन के जरिये सिंधी समाज भोपाल की हुजूर विधानसभा सीट पर टिकट की दावेदारी कर सकता है। यह क्षेत्र सिंधी बहुत है। फिलहाल यहां से भाजपा के रामेश्वर शर्मा दूसरी बार विधायक हैं। इस बार भगवानदास सबनानी मजबूत दावेदार के रूप में उभर रहे हैं।

**मप्र में सक्रिय हुई टीम पीके!**

मप्र में विधानसभा चुनाव में अभी 8 महीने से ज्यादा बाकी है, लेकिन अभी से राजनीतिक दल सक्रिय हो गये हैं। एक खबर आ रही है कि देश में सबसे चतुर चुनाव विशेषज्ञ पीके यानि प्रशांत किशोर की टीम के 150 लोग मप्र में कांग्रेस के लिये सक्रिय हो गये हैं। यह लोग पीके की टीम का हिस्सा रह चुके हैं, लेकिन फिलहाल पीके से अलग होकर काम कर रहे हैं। इस टीम के लोग पूरे मप्र में फैलकर चुनावों को प्रभावित करने वाले मुद्दों, जिताऊ प्रत्याशियों और चुनावी संभावनाओं की तलाश कर रहे हैं। मजेदार बात यह है कि इस मंहगी टीम का खर्चा मप्र में एक निजी विश्वविद्यालय का मालिक प्रदेश के एक पूर्व मुख्यमंत्री के इशारे पर कर रहा है।

**ई टेंडर घोटाला टांय टांय फिस्स**

मप्र के चर्चित ई टेंडर घोटाले को चुनाव से पहले पूरी तरह दफन करने की तैयारी हो गई है। लगभग 3000 करोड़ के इस घोटाले को दफन करने का काम उसी ईओडब्ल्यु को सौंपा गया है, जिसने इस घोटाले में 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। जल संसाधन, जल निगम, लोक निर्माण विभाग के ऑन लाइन टेंडर में छेड़छाड़ कर ठेके लेने के इस गंभीर मामले में कमलनाथ सरकार के समय बड़े ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं को भी बिना नाम लिये आरोपी बनाया गया था। शिवराज सरकार आने के बाद ईओडब्ल्यु ने इसकी जांच में कोई रूचि नहीं ली है। पूर्व की जांच के आधार पर कोर्ट में जो चालान पेश हुआ था, उसमें सभी आरोपी तकनीकी आधार पर छूट गये हैं। ईओडब्ल्यु ने आज तक किसी बड़े आरोपी ठेकेदार को बयान के लिये भी नहीं बुलाया है। अब खबर आ रही है कि ईओडब्ल्यु ने ई टेंडर घोटाले की जांच तकनीकी सुविधाएं न होने के आधार पर इसे पूरी तरह बंद करने का मन बना लिया है।

**फर्जी डॉक्टरों के पक्षधर भाजपा के सांसद**

यह मप्र के जिम्मेदार नेता की बेशर्मी का बड़ा उदाहरण है। मप्र भाजपा के एक सांसद ने अपने लेटरहेड पर पत्र लिखकर मप्र के झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ की गई एफआईआर रद्द करने की गुहार लगाई है। राज्य सरकार ने भी सांसद के आग्रह पर विचार शुरू कर दिया है। दरअसल पिछले दिनों मप्र के तीन आदिवासी बहुल जिलों में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ मुहिम चलाई गई थी। कई फर्जी डॉक्टरों को पकड़ा गया जो ईलाज के नाम पर लोगों की जान से खिलवाड करते हैं। अब अचानक सांसद इन्हें बचाने आगे आ गये हैं। सांसद के आग्रह पर गृह व विधि विभाग में फाइल तो दौड़ने लगी है, लेकिन अफसर हैरान हैं कि जिम्मेदार सांसद गैर जिम्मेदाराना मांग पर क्यों अड़े हैं? सरकार फिलहाल इन आपराधिक मामलों को वापस लेने के मूड में नहीं है।

भोपाल में फिर झोली फैलाने पहुंचे पूर्व विधायक!

इन राजनेताओं को शर्म नहीं आती। मप्र के पूर्व विधायक हर दो चार साल में झोली फैलाने भोपाल आ जाते हैं। राज्य सरकार पर दबाव डालकर अपनी पेंशन व सुविधायें बढ़वा लेते हैं। ऐसा लगता है कि इन्हें और इनके परिवार को पालने की पूरी जिम्मेदारी अब सरकार की हो गई है। मप्र में 40 वर्ष सेवा करने वाले सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बंद कर दी गई है, लेकिन पूर्व विधायकों की पेंशन व सुविधाओं में लगातार वृद्धि की जा रही है। सिर्फ एक बार चुनकर आए विधायक जीवन भर पेंशन पाने के हकदार हो जाते हैं। इस सप्ताह भोपाल आये लगभग 300 पूर्व विधायकों ने अपनी पेंशन व चिकित्सा भत्ता 30 हजार से बढ़ाकर 65 हजार करने की मांग रख दी है। स्पीकर ने 60 हजार दिलाने का भरोसा भी दिला दिया है। मजेदार बात यह है कि इनमें से कई विधायक पूर्व सांसद व मीसाबंदी की पेंशन भी ले रहे हैं। यानि जनता के टेक्स का पैसा इन नेताओं पर दोनों हाथ से लुटाया जा रहा है।

**और अंत में...!**

मप्र के धार जिले के छोटे से शहर डही में 314 गरीब कन्याओं के साथ प्रशासन लगातार क्रूर मजाक कर रहा है। इन कन्याओं की गरीबी का भी मजाक उड़ रहा है। दरअसल गरीबी के चलते इन 314 परिवारों ने अपनी बेटियों का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में कराने का फैसला किया। कन्यादान योजना में दहेज के सामान की खरीद में भ्रष्टाचार की शिकायत पर फरवरी में दो बार यह विवाह आयोजन रद्द किया गया। प्रशासन ने 15 मार्च को इस विवाह समारोह की सभी तैयारी कर ली। टेंट तम्बू लग गये। विवाह मंडल तैयार हो गये। लड़की लड़के वाले भी डही पहुंच गये। लेकिन 14 मार्च की रात में प्रशासन ने तीसरी बार अचानक विवाह समारोह यह कहकर रद्द कर दिया कि भाजपा सांसद ने दहेज में घटिया सामान खरीदे जाने की शिकायत की है। प्रशासन ने दहेज का सामान सप्लाई करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की है। इसे उन 314 कन्याओं के साथ शासन प्रशासन का क्रूर मजाक माना जा रहा है जो तीन बार मंडप से लौटा दी गई हैं।

# अध्यक्ष और माननीयों का दिल मांगे मोर..!

**-अरुण पटेल**

पूर्व माननीयों के लिए चाहे कितनी भी सुविधाएं दे दी जायें लेकिन उनका दिल है कि मानता ही नहीं, और अधिक की चाहत उनके दिलों में जवान रहती है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव में हालांकि अभी लगभग नौ माह का समय शेष है लेकिन भूतपूर्व होने के बाद जो सुविधाएं मिलती हैं उनमें और अधिक इजाफा किया जाए ऐसा प्रस्ताव विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने सामान्य प्रशासन विभाग को भेजा है। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम अगली विधानसभा में भी अध्यक्ष होंगे या नहीं होंगे, यह अभी सुनिश्चित तौर पर कोई नहीं कह सकता। अपने भविष्य की चिन्ता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष और भाजपा के चार बार के विधायक गिरीश गौतम ने सरकार को एक प्रस्ताव भेजा है कि सेवानिवृत्ति के बाद पूर्व स्पीकर को पूर्व मुख्यमंत्री जैसे वेतन-भत्ते और सुविधाएं तथा केबिनेट मंत्री का दर्जा मिलना चाहिए। यदि वह विधायक बन जाते हैं लेकिन अध्यक्ष नहीं बन पाते हैं तो भी वे इन सुविधाओं के हकदार हो जायेंगे बशर्ते कि शिवराज उनके इस प्रस्ताव को चुनाव पूर्व हरी झंडी दे दें।

यदि इस प्रस्ताव को हरी झंडी नहीं मिलती है तो फिर उन्हें पूर्व विधायक के बराबर ही वेतन और सुविधाएं मिलेंगी। इस पर निर्णय तो शिवराज को लेना है लेकिन माना जाता है कि राज्य के संसदीय इतिहास में संभवत: पहली बार किसी स्पीकर ने सेवानिवृत्ति को लेकर ऐसा प्रस्ताव दिया है। उनका कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, दूसरे कई राज्यों में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष को केबिनेट मंत्री का दर्जा मिला हुआ है जबकि मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं है, इसलिए प्रस्ताव भेजा गया है। यदि प्रस्ताव को हरी झंडी मिल जाती है तो दो और पूर्व विधानसभा अध्यक्षों डॉ. सीतासरन शर्मा और एन पी प्रजापति को यह सुविधाएं मिल जायेंगी। सीतासरन शर्मा 2013 से 2018 तक भाजपा सरकार के कार्यकाल में और प्रजापति मार्च 2019 से मार्च 2020 तक कांग्रेस के नेतृत्व वाली कमलनाथ सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं।

वैसे मध्यप्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्रियों को केबिनेट मंत्री का दर्जा देने की सुविधा रही है और वर्तमान में यह सुविधा दिग्विजय सिंह, उमा भारती और कमलनाथ को प्राप्त है। पूर्व विधायकों के लगातार दूसरे साल हुए सम्मेलन में 300 से ज्यादा नेता पहुंचे थे और इन्होंने अपनी यह मांग फिर दोहराई कि पूर्व सांसदों व विधायकों को प्रोटोकाल सूची में शामिल किया जाए और इसके साथ ही उन्हें दिल्ली के एमपी भवन में साल में 30 दिन तक रुकने की व्यवस्था हो। अभी फिलहाल 13 दिन तक ही रुक सकते हैं। विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा की जाएगी। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक डॉ. गौरीशंकर शेजवार ने अपने चिरपरिचित अंदाज में पूर्व विधायकों की उपेक्षा पर तंज कसा कि ''शिव के नंदी का भी सम्मान, लेकिन हमारा हाल बदहाल है।'' सम्मेलन में उपस्थित पूर्व विधायकों और सांसदों में कैलाश विजयवर्गीय, रघुनंदन शर्मा, कैलाश चावला, माया सिंह, नारायण केसरी आदि शामिल हुए।

इस अवसर पर कई पूर्व वरिष्ठ विधायकों का सम्मान किया गया। एक पूर्व विधायक तो यहां तक तंज कसने में नहीं चूके कि चीता बसाने में फिजूलखर्ची नहीं होती, हमें सुविधाएं देने में हल्ला होने लगता है। विधानसभा अध्यक्ष गौतम ने विधायकों को भरोसा दिलाया कि पूर्व विधायकों के लिए पेंशन राशि 60 हजार रुपये किए जाने के लिए वह प्रयत्नशील हैं। इस सम्मेलन में जो प्रमुख मांगे की गयीं उसमें पक्ष-विपक्ष के पूर्व विधायकों को योजनाओं की मानीटरिंग का जिम्मा सौंपने और जिला योजना समिति में आमंत्रित सदस्य बनाने की मांग भी शामिल है जिससे कि उन्हें सम्मान मिल सके। गौतम ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि पूर्व सांसद और पूर्व विधायकों को सत्र न्यायाधीश के समान प्रोटोकाल दिलाने का प्रयास किया जायेगा और आपको सम्मान दिलाने में मैं अपनी पूरी ताकत लगाता रहूंगा। विधायक विश्राम गृह में 25 कमरे आरक्षित रहेंगे जिनमें 6 दिन तक निशुल्क रह सकेंगे और एक साथी के साथ स्वल्पाहार निशुल्क दिया जायेगा। उनका कहना था कि विधानसभा स्थित रेलवे आरक्षण काउंटर राष्ट्रीय छुट्टी के दिन भी दो घंटे खुला रहेगा। वे प्रयासरत हैं कि प्रथम वातानुकूलित दर्जे में यात्रा की पात्रता हो। देखने वाली बात यही होगी कि अब यह आश्वासन कितने पूरे होते हैं और जो अध्यक्ष के दायरे के बाहर सुविधाएं हैं उन्हें कितनी जल्दी लागू कराने के लिए शिवराज हरी झंडी दिखाते हैं।

# आप ही बताइये, किसे देश का गौरव कहें?

**-राकेश दुबे**

कल भी संसद नहीं चली, आज चलेगी या नहीं कोई नहीं कह सकता और संसद में बैठने वाले लोगों को देश के गौरव की चिंता हो रही है। पूरी दुनिया देख रही है, विश्व के सबसे बड़े जनतंत्र क्या हाल है? क्या देश का अपमान मात्र यह कहने से ही हो जाता है कि हमारे यहां जनतांत्रिक परंपराओं को तोड़ा जा रहा है? यदि ऐसा कहने मात्र से देश का अपमान होता है, तो इसके लिए दोषी वे हैं जिनके कंधों पर हमने इन परंपराओं के पालन की ज़िम्मेदारी सौंपी है, उन्हें चुनाव जिताकर इन सदनों में भेजा है।

सही अर्थों में देश और जनतंत्र का अपमान बातों से होता है उनमें ग़रीबी, बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार के मुद्दे भी आते हैं। आज यह भी हकीकत है कि देश की अस्सी करोड़ जनता को मुफ्त खाद्यान्न देना पड़ रहा है?यहाँ यह सवाल भी उठता है कि देश की अस्सी करोड़ आबादी की स्थिति ऐसी क्यों हो गयी कि उसे दो समय के भोजन के लिए सरकारी अनुकंपा पर जीना पड़ रहा है? सरकार ज़रूरतमंद को खाद्यान्न दे रही है, अच्छी बात है, पर इस सवाल का जवाब भी तो किसी को देना होगा ? आज कोई इस स्थिति को उजागर करता है तो इसे देश के अपमान की कोशिश क्यों कही जा रही है?

देश अपमानित होता है जब यह बात सामने आती है कि कथित कोशिशों के बावजूद बेरोज़गारी कम नहीं हुई। महंगाई को कम करने में विफलता भी देश को बदनाम करती है। देश तब भी बदनाम होता है जब धर्म के नाम पर दंगे भड़काये जाते हैं, देश तब भी बदनाम होता है जब जाति के नाम पर वोट मांगे जाते हैं। जनता का विश्वास जनतंत्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। यह विश्वास बना रहे इसके लिए ज़रूरी है जनता को भरमाने की कोशिशें बंद हों।

हाल ही में एक पत्रिका द्वारा किए गये सर्वेक्षण के अनुसार देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोज़गारी है। दूसरे नंबर पर महंगाई आती है। तीसरा स्थान गरीबी का है और फिर नंबर आता है भ्रष्टाचार का। यह सारी समस्याएं ऐसी हैं जिनका बने रहना राष्ट्रीय शर्म का विषय होना चाहिए। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग भी इसका अगला पायदान है। वैसे जनतंत्र के औचित्य तथा सफलता का तकाज़ा है कि गरीबी कम हो, महंगाई कम हो, बेरोज़गारी कम हो, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कम हो। यह तभी संभव है जब इस बात को बार-बार उजागर किया जाये। बार-बार इस बात को सामने लाने की जरूरत है कि जनतंत्र के मूल्यों-आदर्शों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग का मुद्दा आज कुछ ज़्यादा मुखर होकर सामने आ रहा है। यह सामान्य स्थिति नहीं है। इन एजेंसियों की सक्रियता की प्रशंसा होनी चाहिए, पर जब यह पता चलता है कि 95 प्रतिशत छापे दोष दिखाने वालों पर पड़ रहे हैं तो संदेह होना स्वाभाविक है। इसमें एक महत्वपूर्ण बात यह है जब दल बदलने वाले नेताओं की हो रही छानबीन ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है । इस तरह की बातें हमारे जनतंत्र को, हमारे देश को बदनाम करती हैं।

याद आती है सत्यजीत रे की एक फिल्म जिसे अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला था। फिल्म किसी ऐसी कहानी पर आधारित थी जिसमें गरीबी का चित्रण था। तब देश में एक वर्ग को इस बात से शिकायत थी कि सत्यजीत रे जैसे फिल्मकार भारत की गरीबी को बेचते हैं! वे भारत को बदनाम कर रहे हैं!यह सोच तब भी ग़लत थी और आज भी ग़लत है। देश यदि तब अपमानित हुआ था तो गरीबी के कारण हुआ था, न कि गरीबी के चित्रण से। लगभग आधी सदी पहले जब आपातकाल लगाया गया था, तब हमारा जनतंत्र अपमानित हुआ था। आज भी जब जनतांत्रिक मूल्यों को नकारा जा रहा है और संसद में या सड़क पर जनता की आवाज़ को दबाने की कोशिश होती है, तब जनतंत्र बदनाम होता है। छिपा देने से गंदगी साफ नहीं होती , उसे साफ़ करना होता है। इसके लिए पहले गंदगी है को स्वीकार करना पड़ता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## 3 बाघ बाड़े से आजाद, ट्रेकिंग पर

शिवपुरी - माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में आज नर बाघ को बाड़े से निकालकर बाहर खुले वनक्षेत्र में छोडा गया है। संचालक एवं मुख्य वन संरक्षक सिंह परियोजना शिवपुरी ने बताया कि माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में दो मादा एवं एक नर बाघ अन्य टाइगर रिजर्व से पुर्नस्थापित किए गए है। आज सोमबार को सांय लगभग 4 बजे नर टाइगर को बाड़े से बाहर खुले वनक्षेत्र में छोड़ दिया गया है। खुले वनक्षेत्र में फील्ड स्टाफ द्वारा टाइगर ट्रेकिंग भी लगातार की जा रही है।

## हिंदू नववर्ष पर वाहन रैली का होगा आयोजन

सिवनी– मुख्यालय में विगत कई वर्षो से हिंदु नववर्ष चैत्र प्रतिपदा के अवसर पर वाहन रैली का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2007 से आरंभ हुई इस रैली का आयोजन आगामी 22 मार्च बुधवार को होगा। पहले ही रैली को व्यापक और भव्य रूप देने के लिए आयोजन समिति द्वारा बैठकों का आयोजन कर कार्य योजना बनायी जा चुकी है। तैयारियों को लेकर नगर में जगह-जगह भगवाकरण का कार्य आरंभ हो चुका है, युवा हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाली इस रैली में नगर के सभी धार्मिक समाजिक, राजनैतिक एवं सनातन धर्मी तन मन धन से अपना सहयोग करते है। 22 मार्च की सुबह विशाल वाहन रैली सुबह 9 बजे बड़े मिशन स्कूल मैदान से आरंभ होगी, नगर का भ्रमण करते हुए सनातन धर्मी युवा, महिला व पुरूष पुन–बड़े मिशन स्कूल मैदान पहुंचेगे जहां रैली का समापन होगा। आयोजन समिति ने जिले के सभी सनातन धर्मियों से इस धार्मिक कार्य में शामिल होने का अनुरोध करते हुए अपील की है कि सयमित रूप से सभी रैली में शामिल हो। ज्ञात रहे कि रामनवमीं पर्व के पूर्व आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के बाद युवाओं में पर्वो को लेकर और उत्साह का माहौल बन जाता है।

## जिलास्तरीय रोजगार मेला 21 मार्च को स्मृति लॉन में

सिवनी– कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के तत्वाधान में मंगलवार 21 मार्च 2023 को स्मृति लॉन बाहुबली चौक सिवनी में जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित होगा। रोजगार मेले में जिसमें देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जिले के बेरोजगार युवक- युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। 18 से 35 वर्ष आयु के इच्छुक युवक- युवती जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण हैं, अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची, दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित हो लाभ ले सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

## फागों के बीच उड़ी गुलाल, ब्रज की होली ने भरे रंग



छतरपुर। बुंदेली फागों के बीच जब गुलाल उड़ी तो क्षेत्रवासी होली के उल्लास में सराबोर हो गए। वृंदावन धाम के कलाकारों ने ब्रज की होली की आकर्षक प्रस्तुतियों से होली मिलन की उमंग को दोगुना कर दिया। महाराजपुर विधायक नीरज विनोद दीक्षित के नौगांव स्थित निवास पर होली मिलन कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। सोमवार की सुबह निर्धारित समय 11 बजे से होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र से आए बुंदेली कलाकारों की फाग प्रस्तुतियों से किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद दीक्षित ने क्षेत्र भर से आए ग्रामीणजनों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया तो वहीं युवा विधायक नीरज दीक्षित ने भी गुलाल लगाकर सभी को होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। दोपहर बाद वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने ब्रज की होली की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर होली मिलन कार्यक्रम में समां बांध दिया। बृजधाम के कलाकारों की रोचक प्रस्तुतियों से विधायक निवास वृंदावन धाम के मानिंद नजर आने लगा। कार्यक्रम में कांग्रेस के जिलेभर से तमाम पदाधिकारी पहुंचे तो वहीं लगभग 15 हजार से अधिक क्षेत्रीय जनता-जनार्दन ने युवा विधायक के निवास पर पहुंचकर होली की शुभकामनाएं दीं।

## हनुमान टोरिया पर सप्त दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का होगा आयोजन

छतरपुर। श्री श्री 1008 श्री स्वर्ण श्रृंगार हनुमान टोरिया मंदिर पर सप्त दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन 22 मार्च से 28 मार्च 2023 तक किया जाएगा। हनुमान टोरिया परिवार के सदस्य मंगल सिंह ने बताया की रामायणी कुटी चित्रकूट के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 स्वामी श्री राम हृदय दास जी महाराज के मुखारविंद से सात दिनों तक श्री राम की गौरव गाथा की कथा होगी। 22 मार्च 2023 को सायं 4ः00 बजे गांव देवी मंदिर से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होकर हनुमान टोरिया मंदिर पहुंचेगी जहां पर पूजन के पश्चात श्री रामकथा प्रारंभ होगी जो रात्रि 8ः30 बजे प्रसाद वितरण के साथ विराम होगी। इसके पश्चात 23 मार्च से 28 मार्च तक प्रतिदिन कथा का समय सायं 5ः00 से रात्रि 8ः30 बजे तक रहेगा श्री राम कथा में प्रतिदिन भगवान के सजीव स्वरूपों का चित्रण भी किया जाएगा श्री हनुमान टोरिया रावत ट्रस्ट, हनुमान टोरिया परिवार एवं शिष्यमंडल ने सभी धर्म प्रेमी नगरवासियों से कलश यात्रा में एवं प्रतिदिन श्री राम कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का निवेदन किया है।

## शिविर लगाने से एक ही दिन में हुआ निराकरण

छतरपुर, ।कलेक्टर संदीप जीआर द्वारा अनुकरणीय पहल करते हुए कलेक्टर कार्यालय छतरपुर के प्रांगण में आयोजित शिविर जिसमें जिले में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के आवेदनों का निराकरण एक ही जगह पर एक ही दिन संबंधित आवेदकों के प्रकरण का नियमानुसार निराकरण हुआ। कलेक्टर श्री जीआर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में तीन आवेदकों को सहायक ग्रेड-03 के पद पर श्रीमती अंजू शर्मा को सामाजिक न्याय विभाग, अनिरुद्ध त्रिपाठी को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं धनंजय सिंह वैश को ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण में सामान्य वर्ग में अनुकंपा नियुक्ति पत्र दिए और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे शासकीय सेवा में रहते हुए अच्छा काम करें। इस अवसर पर एडीएम नमः शिवाय अरजरिया उपस्थित रहे। संभवता प्रदेश का यह पहला शिविर है जिसमें असानी से बिना किसी परेशानियों के अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदकों के प्रकरण का निराकरण हुआ है। नियुक्ति पत्र पाकर सभी के चेहरे खिल उठे और उन्होंने शासन प्रशासन को धन्यवाद दिया। कलेक्टर श्री जीआर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शासन के नियमानुसार जो पात्र व्यक्ति है और उनके दस्तावेज पूरे है उनकी अनुकंपा नियुक्ति प्रक्रिया यथाशीघ्र कर उन्हें अपॉइंटमेंट लेटर दें। कोई भी आवेदन लंबित न रहे। अगर कोई व्यक्ति अपात्र है या फिर पात्र होने पर उसके दस्तावेज पूरे नहीं है तो उसे लिखित में संबंतिध विभाग व्यक्ति को जिससे वह अन्य प्रक्रिया कर सके। एसडीएम छतरपुर ने बताया कि 4 आवेदकों की नियुक्ति के आदेश जारी करने सागर जेडी को प्रकरण भेजा है।

### आंधी तूफान बारिश गेहूं की फसल हुई बर्बाद

# बारिश से ख़राब फसलों का विधायक ने लिया जायजा, अधिकारियों को सर्व के दिए निर्देश

बैरसिया।।विकासखंड बैरसिया क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से मौसम किसानों पर कहर बरपा रहा वे मौसम बारिश और आंधी किसानों के लिए आफ़त से कम नहीं है। किसान ने रात दिन मेहनत कर अपनी रातों की नींद बेचकर कड़ी धूप सहकर पसीने से फसलों को सींचकर तैयार किया अब फ़सल लगभग पककर तैयार हो चुकी है कुछ फसल कटी हुई खेतों में पड़ी हुई है। ऐसे में बारिश आंधी ने फसलों में नुक़सान कर दिया पिछले करीब एक सप्ताह पहले ही तेज़ आंधी और बारिश से गेहूं चनें सरसों, सहित अन्य रवि मौसम की फसलें आड़ी हुई थी जिसका दर्द किसानों का मिटा भी नहीं था कि एक बार फिर मौसम ने कहर बरपाया और पिछले तीन दिनों से वे मौसम बारिश जारी है। बारिश ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया बैरसिया क्षेत्र के कई गांवों में फसलों को भारी नुक़सान हुआ। जिसके चलते क्षेत्र का किसान चिंतित हैं। और अब सरकार की ओर आस की निगाहों से देख रहा। वही रविवार को बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने खेजाडा मिश्र सहित अन्य गांवो के खेतों पर जाकर फसलों को देखा और अधिकारियों को सर्व करने के निर्देश भी दिए।इस दौरान तहसीलदार संतोष मुद्गल नायब तहसीलदार सुनील शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे



वही भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र सिंह दांगी का कहना है कि असमय बारिश से किसानों की फसलों का कलर ख़राब हुआ जिसके लिए भी सरकार शासकीय ख़रीदीं केन्द्रों पर निर्देश जारी करें चमक हीन गेहूं को खरीदा जाए साथ ही गेहूं का समर्थन मूल्य भी कम हैं। इसके बदले वोनस दिया जाए, एवं सोसायटियों का कर्ज चुकाने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 30 मई की जाएं क्योंकि 25 मार्च से सरकारी ख़रीदीं चालू हो रही जबकि कर्ज चुकाने की अंतिम तारीख 28 मार्च है। अब ऐसे में किसानों के पास पैसा नहीं आया फिर कर्ज केसे चुकाएगा। उन्होंने कहा बारिश से फसलों को जो नुक्सान हुआ उसका सर्व कराकर सरकार राहत राशि और बीमा भी दिलाएं

# तीन दिन तेज हवा ओले के साथ हुई बारिश से फसल हुई चौपट 25 से 30 प्रतिशत नुकसान

### प्रशासन हुआ अलर्ट



बरेली।अनुविभाग बरेली सहित ग्रामीण अंचल में तीन दिन से बारिश हो रही है रविवार को 5 बजे मौसम ने अपना रुख बदल दिया और 7 बजे शाम से शुरू हुई तेज गडगहाट और ओले के साथ बारिश 11 बजे तक जारी रही इस बारिश से किसानों के लिए संकट के बादल मंडरा रहे हैं लगभग 98 प्रतिशत गेहूं की फसल खेत में आई खड़ी हुई है फसल को करीब 25 से 30 प्रतिशत नुकसान बताया जा रहा है कई प्रतिशत तो ऐसी फसल को नुकसान हुआ है जो पूरी तरह आ चुकी थी सोमवार को किसानों ने सुबह जाकर जब अपनी फसल देखी तो बड़ी चिंताजनक तस्वीर देखने को मिली किसान 4 माह से प्रति दिन खेत जाकर मेहनत कर अपनी उपज को पाल पोस कर बड़ा करता है तो वही बस कुछ मिनटों में ही फसल पानी की तरह खेत में बिझ जाती है किसान आशीष धाकड़ ने बताया कि लगभग 25 से 30त्न हमारी फसल को नुकसान हुआ है फसल खेत में लेट जाने से पिशी हार्वेस्टर से उठ नहीं पाएगी और दाना भी पतला पड जाएगा जिस कारण एवरेज कम लगेगा राजस्व विभाग को फसलों का निरीक्षण करना चाहिए पटवारियों द्वारा सर्वे कराकर किसानों के नुकसान हुई फसल का प्रदेश सरकार भुगतान करें 7 एसडीएम मुकेश सिंह ने कहा कि राजस्व अमले से निरक्षण के लिए निदेशित किया है।

## आगामी त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक, मिलकर त्यौहार मनाने पर दिया जोर



ओबेदुल्लागंज। नवरात्री हनुमान जन्मोत्सव महावीर जयंती व रमजान पर्व शांतिपूर्वक मनाने के उद्देश्य को लेकर आज थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें आपसी सद्भाव से सभी त्योहारों को मनाने पर चर्चा हुई।हिंदु उत्सव समिति के द्वारा नवरात्रि पर्व पर उचित साफ सफाई रोड के गड्ढों को दुरुस्त करने की बात कही गई वही सार्वजनिक स्थानों पर डीजे की आवाज सीमित करने पर भी चर्चा की गई।इस दौरान एसडीओपी मलकीत सिंह सीएमओ सोनाली शर्मा थाना प्रभारी संदीप चौरसिया हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक सुरजीत सिंह बिल्ले देवेन्द्र सिंह राजू हरजीत सिंह सलीम खान वाला सैनी पत्रकार राजीव जैन देवेन्द्र चौहान मोहन योगी प्रीतम राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा के नये पार्षदों को प्रशिक्षण की आवश्यकता है : राजिक

सिवनी– नगर पालिका परिषद पर भाजपा के पार्षद अर्नगल बेबुनियाद आरोप लगाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास कर रहे है । भाजपा पार्षदों को जो कि पहली बार नगर पालिका में चुनकर आये है प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जानकारी के आभाव में वह बातें कर रहें है । बजट के साथ-साथ अन्य विषय भी सम्मिलन में लाये जाते रहे है । नलकूप खनन के संबंध में भाजपा पार्षदों का कहना है कि करोड़ो रूपये के भुगतान नलकूप खनन किये जाने वाले को किया जा चुका है वर्तमान परिषद में एक रूपये का भी भुगतान नलकूप खनन करने वालो को किया गया और ना ही नलकूप खनन इस परिषद में कराये गये है । सिवनी जिले में गेंहू की कटाई के समय आगजनी की घटनायें बढ़ जाती है जिले के सभी विकास खण्डों में फायर बिग्रेड वाहन उपलब्ध ना होने के कारण सिवनी नगर पालिका से ही आग बुझाने फायर बिग्रेड वाहन भेजे जाते रहे है । सांसद ने परिषद की बैठक में घोषणा की थी कि एक सप्ताह के भीतर 5 फायर फाईटर टेंकर नगर पालिका सिवनी को दे दिये जायेगे लेकिन आज दिनांक तक फायर फाईटर टेंकर नगर पालिका को अप्राप्त है । मोक्षधाम में शवदाह गृह, नाला सफाई के लिए जेसीबी, प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था के लिए 1 करोड़ की मांग यह सभी प्रस्ताव परिषद से पास कर राज्य सरकार को राशि की मांग के लिए भेजे जाने है । राज्य सरकार ने पहले से ही नगर पालिका फण्ड में बहुत अधिक कटौती की गई है । राज्य सरकार से राशि की मांग के लिये पूर्व से प्रस्ताव भेजे जाते है । निजी भवन नामांतरण के सैकड़ों प्रकरण, लीज नवीनीकरण पूर्व परिषद में वर्षो से लंबित है । जिससे आमजन को अनेकों बार नगर पालिका के चक्कर काटना पड़ रहा है । कायाकल्प अभियान के अंतर्गत सड़कों के निर्माण में भी झूठा आरोप नगर पालिका परिषद के उपर भाजपा पार्षद लगा रहे है। जबकि दिनांक 16/03/2023 को कायाकल्प अभियान के अंतर्गत जो निविदा बुलाई गई है। उसमें जितना डामरीकरण सड़कों पर कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में किया जाना उतना ही भाजपा पार्षदों के वार्डो में किया जाना है।

सफीक खान के नगर पालिका अध्यक्ष बनते ही नगर पालिका में पार्षदों के साथ किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया गया सभी पार्षदों को सामान्य रूप से लेकर चलने का काम सफीक खान ने किया है। पी.आई.सी. की पहली बैठक में 24 वार्डो के निर्माण कार्य के लिये सभी वार्ड पार्षदों के लिये अपने अपने वार्डो के आवश्यक काम पूछे गये जिनकी निविदा भी आमंत्रित कर ली गई है। पुराने कार्यो में अकबर वार्ड पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य, टैगोर वार्ड पुलिया निर्माण एवं मोक्षधाम, तिलक एवं विवेकानंद वार्ड में पेवर ब्लाक लगाने का काम बिना किसी भेदभाव के नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान द्वारा कराया गया है। भाजपा पार्षद यदि नगर विकास चाहते है तो इस तरह के झूठे आरोप न लगाये जिससे नगर विकास प्रभावित हो।

प्रेस विज्ञप्ति देने से या सोशल मीडिया में नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ झूठी बाते फैलाने से बहतर है कि परिषद की बैठक में भाजपा पार्षदों को अपनी बात रखनी चाहिये, जिस प्रस्ताव भाजपा पार्षद परिषद की बैठक में सर्मथन करते है। उसी की शिकायत बाहर जाकर जिला कलेक्टर से करते है। आप निर्वाचित पार्षद है अपनी बात जो परिषद में रखे वहीं बाहर करें।

# रेत से भरे 15 डंपर धरे ,मचा हड़कंप

शिवपुरी - प्रशासन ने रेत माफियाओं पर बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। प्रशासन ने करैरा अनुविभाग क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन व परिवहन की काफी दिनों से शिकायतों मिल रही थी। रविवार-सोमवार की रात 1 बजे पुलिस व प्रशासन की टीम ने कार्रवाई कर 15 डंपर पकड़े हैं। देर रात हुई इस कार्रवाई से रेत माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। टीम ने डंपरों को रोका उस समय कई चालक कार्रवाई से बचने के लिए रात के अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए।रेत से भरे सभी डंपर शिवपुरी व गुना भेजे जा रहे थे। पुलिस व प्रशासन ने इन सभी डंपरों को जब्त कर करैरा, अमोला, सीहोर सहित सुरवाया थाने में खड़े करवा लिए हैं। रेत से भरे जिन डंपरों को जब्त किया है, उनमें से किसी भी डंपर के पास रॉयल्टी नहीं थी। इसके अलावा सभी डंपर ओवरलोड थे। कई ट्रकों के चालकों के पास से रॉयल्टी के नाम पर टोकन (फर्जी रॉयल्टी) भी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को मिले है, जिनकी जांच पुलिस कर रही है। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम का नेतृत्व एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया व एडीएम विवेक रघुवंशी कर रहे थे।

जिला पुलिस व प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई इतनी गोपनीय थी कि संबंधित पुलिस थानों व स्थानीय प्रशासन और माइनिंग विभाग को भी इसकी सूचना नहीं दी गई थी। टीम में आए सभी कर्मचारियों को भी दविश देने की कहकर लाया गया था।

### इनका कहना है

हमारी टीम ने अवैध रेत लेकर जा रहे 15 डंपरों को पकड़ा है। पकड़े गए डंपरों में से किसी के पास रॉयल्टी नहीं मिली है। हमने इनकी मौके पर वीडियोग्राफी भी कराई है। अगर बाद कि रॉयल्टी यह लोग दिखाते हैं तो धारा 379 के साथ धारा 420 की कार्रवाई भी की जाएगी। रेत माफियाओं को किसी भी हाल में नहीं छोडा जाएगा।

**प्रवीण भूरिया,एडिशनल एसपी**

# ग्राहक से गाड़ी बिक्री के नाम पर भगवती मोटर्स ने किया खेलवाड़

शहडोल 7 देश के माने जाने 4 पहिया वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा मोटर्स के द्वारा जहाँ अपने ग्राहकों की संतुष्टि के लिये रोज एक नये तरीके अपनाकर अपने ग्राहकों का विश्वास कायम किये है वही दूसरी और उन्ही के आधीन शहडोल जिले के भगवती मोटर्स द्वारा अपने ग्राहक से ही वाहन खरीदी बिक्री के नाम पर फोर्जरी करते पाया गया है आपको बता दे की जिले के ग्राम नवागांव के निवासी प्रकाश चंदेल पिता त्रिभुवन सिंह चंदेल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की मेरे द्वारा भगवती मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड शहडोल शाखा शहडोल से दिनांक 21/01/23 को थार वाहन खरीदी हेतु अग्रिम राशि 36000? जमा कर वाहन की बुकिंग करवाई थी साथ साथ अपने वाहन का नंबर अपने मन मुताबित लेने हेतु क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कंपनी के माध्यम से अनुरोध किया था जिसपर अधिकारी द्वारा 60 दिवस अंदर अपना पसंदीदा नम्बर लेकर वाहन का पंजीयन शासन के नियमानुसार करवाने हेतु किया गया था परन्तु जब श्री चंदेल द्वारा अपने वाहन को लेने के लिये शोरूम से संपर्क किया गया तो शाखा के अधिकारी द्वारा वाहन उपलब्ध कराने के लिये साफ मना कर दिया गया और बोला गया की हम आपको 4 माह पश्चात ही वाहन उपलब्ध करा पाएंगे जिसपर आवेदक द्वारा यह बात बताई गई की शाशन के नियमानुसार क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा मुझे केवल 60 दिवस का समय दिया गया है जिससे मै अपने वाहन का मनपसंद नंबर प्राप्त कर उसका रजिस्ट्रेशन करा सकूँ परन्तु शाखा के अधिकारी द्वारा आवेदक की एक ना सुनी गई जिसके चलते आवेदक की मानसिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ा है वही आवेदक द्वारा शाखा के अधिकारी से यह कहाँ गया की आप द्वारा यदि समय और नियमानुसार मुझे वाहन उपलब्ध नहीं करवाया जाता तो मुझे हारकर शाशन का सहारा लेकर आप द्वारा अपने ग्राहकों से किये जा रहे धोखाधड़ी और अमानक व्यवहार के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक शहडोल से शिकायत कर कार्यवाही के लिये मांग किया जावेगा 7

# कांग्रेस ने मनाया लोकतंत्र सम्मान दिवस



छतरपुर आज कांग्रेस पार्टी सम्पूर्ण प्रदेश में लोकतंत्र सम्मान दिवस मना रही है इसी तारतम्य में जिला काँग्रेस अध्यक्ष लखन लाल पटेल के नेतृत्व में जिला काँग्रेस छतरपुर ने लोकतंत्र सम्मान दिवस मनाया इस आशय की जानकारी जिला काँग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने देते हुए बताया कि आज ही के दिन 20 मार्च 2020 को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी ने लोकतंत्र की उच्च परम्पराओं का सम्मान करते हुए अपने पद से त्याग पत्र दे दिया था तब काँग्रेस पार्टी ने निर्णय लिया था कि मध्यप्रदेश में 20 मार्च के दिन को लोकतंत्र सम्मान दिवस के रूप में मानाया जायेगा उसी कड़ी में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया जिसमें सभी कार्यकर्ता काँग्रेस कार्यालय में एकत्र होकर तिरंगा यात्रा लेकर गाँधी आश्रम तक नारेबाज़ी करते हुए पहुँच जहाँ पर गाँधी जी की प्रतिमा पर काँग्रेस अध्यक्ष लखन लाल पटेल ने माल्यार्पण कर संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया एवं पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी के वीडियो संदेश को सभी उपस्थित लोगों को सुनाया गया आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री सूर्य प्रताप सिंह बुन्देला, कार्यालय प्रभारी सरमन लाल मिश्रा, उपाध्यक्ष परमानन्द विश्वकर्मा, राजेश सिंह पायक,चंदला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी हर प्रसाद अनुरागी, कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश कुशवाहा, महासचिव लखन दुवे, लक्ष्मी चौबे, हर नारायण यादव, बृज किशोर पांडे, सह प्रवक्ता रविशंकर अहिरवार,पुष्पेन्द्र कुशवाहा, विवेक गोपाल अग्रवाल, मनोज बंसल, संदीप पटेल, लोकेन्द्र चंदेल, के के पटेल, सुमित चौरसिया, अनंतराम प्रजापति, आदि उपस्थित रहे

### दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

बरेली । अखिल भारतीय किरार छत्रिय महासभा नवयुवक मंडल जिला रायसेन के द्वारा युवा उत्थान दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन श्री पैलेस अलीगंज में किया गया। दो दिवसीय कार्यशाला में 8 सत्रों में विभिन्न विषयों पर आधारित विभिन्न सत्रों में युवाओं को प्रोत्साहित किया गया। उद्घाटन सत्र में पूर्व विधायक भगवत सिंह पटेल ,विधायक रामकिशन पटेल ,शिवाजी पटेल ,शंकर सिंह पटेल,मकरंद सिंह पटेल के द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अतिथियों का स्वागत नवयुवक मंडल जिला अध्यक्ष राजकुमार चौधरी के द्वारा किया गया। प्रस्तावना नीतिराज सिंह पटेल के द्वारा रखी गई। व्यक्तित्व विकास पर भोपाल से पधारे प्रमोद दुबे के द्वारा विषय रखा गया। सड़क सुरक्षा पर एवं व्यसन मुक्ति पर डीएसपी उमाकांत चौधरी के द्वारा विषय रखा गया। उन्होंने राष्ट्र एवं समाज के उत्थान के लिए युवा शक्ति को सही मार्ग पर चलने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान खूते ने किया ।,

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम समापन हुआ

धार । कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य प्रताप सिंह के निर्देशन में स्थानीय एस.पी.डी.ए. मैदान धार पर ''जिला एवं विकास खण्ड स्तरीय अन्तर्राष्टीय महिला दिवस कार्यक्रम के समापन अवसर पर योग प्रषिक्षक अर्चना मुकाती एवं मिनाक्षी लहरें की उपस्थिति में चेयर रेस, हॉकी, नींबू रेस तथा महिला वर्ग में 50 मी. दौड़ का आयोजन किया गया। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री राजेश शाक्य ने बताया कि 50 मी.दौड़ में सोनू अंकुश प्रथम तथा नोरिन खान द्वितीय। 100 मी. दौड़ – प्रथम ग्रुप–साधना दुलेसिह प्रथम स्थान तथा बरखा कैलाश द्वितीय स्थान। द्वितीय ग्रुप– रिद्धि प्रथम स्थान तथा आरोही द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन: सरकार बनाने का लिया संकल्प

नैनपुर। सामुदायिक भवन में कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन एवं लोकतंत्र बचाओ दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण कर एक रैली निकाली गई। रैली मार्केट से होते हुए वार्ड नंबर 15 सामुदायिक भवन में समाप्त हुई। इसके उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ता। सम्मेलन में जिले के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदेश महामंत्री गुलाब सिंह के ने कमलनाथ के 15 महीने की सरकार में किए गए कार्यों का उल्लेख किया और बताया कि कैसे कमलनाथ ने 15 महीने की सरकार में ?100 यूनिट फ्री बिजली किसानों का कर्ज माफ जैसी योजनाएं चलाई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा की मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही कमलनाथ ने ?500 प्रति सिलेंडर देने की घोषणा जो की है एवं महिलाओं को ?1500 प्रति महीने देने की घोषणा द्वारा सिर्फ घोषणा नहीं रहती वह करके भी जैसे कि किसानों की कर्ज माफी 15 महीने की सरकार में किसानों की कर्ज माफी किया गया। जो एक उदाहरण है वही राकेश तिवारी ने कहा आज जो हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम नैनपुर में चल रहा है। वह कार्यक्रम केवल कार्यक्रम नहीं है वह सत्ता की चाबी है यदि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने मंडल सेक्टर बूथ स्तर पर हाथ से हाथ जोड़कर काम चलाएगा तो निश्चित तौर पर मध्य प्रदेश में कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसके बाद राष्ट्रीय सचिव सी पी मित्तल ने अपने आने का उद्देश्य बताया और कहा कि मैं आज यहां पर कांग्रेस की मेरे द्वारा आज नैनपुर में इस कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होना और बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ता यह दिखाता है कि निश्चित ही कांग्रेस में ऊर्जा की कमी नहीं है और मुझे वही ऊर्जा डालने कार्यकर्ताओं के बीच में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जिस तरह से कुछ पूंजी पतियों के कारण मध्य प्रदेश की सरकार बीजेपी के द्वारा गिराई गई थी। आज वह बदला लेने का समय आ गया है और दुगनी ऊर्जा से कार्यकर्ता कम में जुड़ जाएं और एक बार पुनः प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनवाई उनके द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा बताया गया कि कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम केवल कार्यक्रम नहीं है यह पूरे देश में भारत जोड़ो कार्यक्रम के बाद सबसे बड़ा कार्यक्रम है जिसे कार्यकर्ता की ऊर्जा नई दिशा प्रदान करेगा और मध्य प्रदेश में सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। जिला संगठन मंत्री सुकृति भूषण जिला महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुकून जंघेला नैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष सरजू प्रसाद तिवारी नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जयंत रंगारी मंडल अध्यक्ष राजीव वैष्णव रूप नारायण सोनी जिला शहरी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कमल जायसवाल ब्लॉक अध्यक्ष शंकर पटेल बम्हनी ब्लॉक अध्यक्ष बलराम चक्रवर्ती महागाव ब्लॉक अध्यक्ष इकबाल कुरैशी निवास ब्लॉक अध्यक्ष तारा परस्ते बिछिया ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप गोस्वामी जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आशीष जैन विधानसभा अध्यक्ष राहुल सिंगौर नैनपुर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रणजीत सिंह के प्रमोद झरिया राजाराम फुलझड़ियां नीलिमा झरिया मिंटू शर्मा प्रकाश शर्मा मयंक खंडेलवाल अविनाश ठाकुर

संतोष डीआईजी वरकडे रवि वैष्णव निरंजन ठाकुर संतोष मिश्रा रामकुमार ठाकुर धर्मेश तिवारी पीयूष खंडेलवाल शिवम गुप्ता धनीराम नंदा आलोक रजक सतीश ठाकुर रवि चीचलवार संत कुमार ठाकुर सुनील विश्वकर्मा साधना रंगारी करण इनवाती जलाल भाई जान इंद्रजीत भंडारी लक्ष्मण सिंह गौर मनोज खंडेलवाल और भी अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईआईएफएल जीतो अहिंसा दौड 23 देशों में

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के सबसे बड़े फाईनेंशल सर्विसेज़ समूहों में से एक आईआईएफएल ग्रुप का उद्देश्य 2 अप्रैल, 2023 को भारत के 65 शहरों और 23 देशों में हो रही आईआईएफएल जीतो अहिंसा दौड़ में गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम अंकित कराना है। शांति और अहिंसा के लिए होने वाली यह इस तरह की सबसे बड़ी दौड़ है। इस दौड़ का आयोजन जीतो (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाईज़ेशन) की महिला विंग और आईआईएफएल के अलावा जीतो के स्वयंसेवियों एवं पूरे विश्व में शांति और अहिंसा के समर्थकों द्वारा किया जा रहा है। पंजीकरण का लिंक 17 मार्च, 2023 को खुलेगा। आप किस देश और किस शहर में हो रही दौड़ में हिस्सा लेना चाहते है, यह विकल्प चुनने का अवसर भी आपको मिलेगा। आईआईएफएल जीतो अहिंसा दौड़ का उद्देश्य लड़ाई रोकने और एक बेहतर दुनिया बनाने की जागरुकता बढ़ाना तथा हमारे चारों ओर नफरत को हराकर शांति और अहिंसा स्थापित करना है। 'अहिंसा' का मतलब है क्षमा, सकारात्मकता, वैश्विक प्रेम, शक्ति और भाईचारा। अहिंसा शक्ति है और आज के मुश्किल दौर में हम सभी को एक साथ आकर अपनी इस शक्ति का प्रदर्शन करने की जरूरत है। आईआईएफएल जीतो अहिंसा दौड़ के लिए महावीर जयंती से ठीक पहले के रविवार से अच्छा वक्त और कोई नहीं हो सकता। श्री निर्मल जैन द्वारा स्थापित आईआईएफएल ग्रुप केवल दो दशकों में भारत में सबसे सफल वित्तीय समूहों में से एक बन गया है।

# एमएक्स प्लेयर ने अपने बहुप्रतीक्षित सीरीज तू जख्म है सीजन 2 का ट्रेलर किया रिलीज

मुंबई, एजेंसी।आखरिकार इंतज़ार खत्म हुआ ! एमएक्स सीरियल, 'तू ज़ख्म है' के सीज़न 1 पर दर्शकों से अपार सफलता प्राप्त करने के बाद, एमएक्स प्लेयर कई ट्विस्ट और टर्न के साथ आने वाले लोकप्रिय रोमांस ड्रामा में और ज्यादा गहराई लाने के लिए तैयार है। लंबे प्रारूप वाले एमएक्स सीरियल के सीजन 2 में कैदी विराज त्रेहान (गशमीर महाजनी) और उसकी बंधक काव्या ग्रेवाल (डोनल बिष्ट) की ट्विस्टेड प्रेम कहानी है। अनिरुद्ध राजडेर और नोएल स्मिथ द्वारा निर्देशित 9 एपिसोड की यह कहानी 23 मार्च 2023 को एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होगी। सीरीज का यह आकर्षक ट्रेलर विराज और काव्या के बीच खिलते रोमांस का अनुसरण करता है। काव्या के स्नेह से प्रेरित होकर, विराज अपना गार्ड छोड़ देता है और इससे पहले कभी ना देखे गए अपने दयावान चरित्र का खुलासा करता है, जिससे हर कोई दंग रह जाते है। दोनों एक दूसरे से जुड़कर हमेशा के लिए बंधन में बंध जाते है और उनकी इस निकटता का दूसरों द्वारा विरोध किया जाता है। तू ज़ख्म है सीजन 2 में नेहल चुडासमा, परिणीता सेठ, जिनल जोशी, सचिन वर्मा, अपर्णा कुमार, उधव विज, सौरभ मान और अभिनव वर्मा भी शामिल होंगे और उनके संबंधित पात्र रोमांटिक थ्रिलर में अधिक कहानी और साज़िश को जोड़ेंगे। नए सीज़न के बारे में जानकारी देते हुए, गशमीर महाजनी ने कहा, सबसे पहले, मैं दर्शकों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहूंगा, जिन्होंने सीज़न 1 में हमें भरपूर प्यार और समर्थन दिया है। उनकी अपार प्रशंसा ने हमें अभिभूत कर दिया है और आगामी सीज़न के लिए सुपर उत्साहित।

# अमेजन पे आपके हर दिन की भुगतान संबंधी जरूरतों का समाधान

मुंबई, एजेंसी। अमेजन पे आपकी सभी भुगतान संबंधी जरूरतों के लिए एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। ऑटोमोबाइल बीमा खरीदना हो, यूटिलिटी बिल का भुगतान करना हो, रेस्टोरेंट में पेमेंट करना हो, या फिर रिचार्ज से लेकर मनी ट्रांसफर तक जो कुछ भी करना हो, अमेजन पे आपकी सभी जरूरतों को पूरा करता है। इस झंझटमुक्त सुविधा को अपनाएं और अमेजन पे के साथ ए से जेड तक किसी भी चीज़ का भुगतान करें।निपटाइये वित्तीय काम- जहां वित्तीय वर्ष 2022-23 खत्म होने ही वाला है, अमेजन पे के साथ, ग्राहक बहुत ही आसानी से अपने टैक्स और सेविंग से जुड़े निवेश कर सकते हैं। ग्राहक इक्विटी लिंक्ड सेविंग स्कीम (ईएलएसएस) में निवेश कर सकते हैं। इसके तहत पुरानी आयकर व्यवस्था की धारा 80सी के अंतर्गत छूट प्राप्त होती है। इसके अलावा, अमेजन पे यूपीआई के साथ बहुत आसानी से और सुरक्षित रूप से म्यूचुअल फंड और बीमा प्रीमियम का भुगतान कर सकते हैं। यूपीआई की सुविधा के साथ अब आपके लिए निवेश करना भी आसान हो गया है। ग्राहक बिना कागजी कार्रवाई के साथ सिर्फ दो मिनट से भी कम समय में दो या चार पहिया वाहनों के लिए मोटर इंश्योरेंस खरीद सकते हैं। एको जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी में अमेजन पे ग्राहकों को बेहद सरल और आसानी से समझ में आने वाले ऑटोमोबाइल इंश्योरेंस को खरीदने में मदद करता है।

# कलर्स सिनेप्लेक्स पर 'दृश्यम 2' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में सलगांवकर परिवार को अपनी जिंदगी के लिये संघर्ष करते देखिये

मुंबई, एजेंसी। वायाकॉम 18 के प्रमुख मूवी चैनलकलर्स सिनेप्लेक्स पर रामदेव स्ट्रॉन्ग हींग और एको जनरल इंश्योरेन्स के साथ भागीदारी में ब्लॉकबस्टर मूवी 'दृश्यम 2', को-प्रेजेंटेड बाय किया मोटर्स, को-पावर्ड बाय कैडबरी फ्यूज, स्पेशल पार्टनर क्लब महिन्द्राऔरपार्ले स्मूध लस्सी, के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर में सलगांवकर परिवार को अपनी जिंदगी के लिएसंघर्ष करते हुये देखने और एक रोमांचक थ्रिलर का मजा उठाने के लिये तैयार हो जाईये। पैनोरमा स्टूडियोज, वायाकॉम 18 स्टूडियोज और टी-सीरीज फिल्म्स द्वारा निर्मित यह फिल्म 2015 की हिट मूवी 'दृश्यम' का बहुप्रीक्षित सीक्वल है। 'दृश्यम 2' में अजय देवगन, अक्षय खन्ना, तब्बू, श्रिया सरन, आदि जैसे जाने-माने सितारों ने प्रमुख किरदारों को अदा किया है। अभिषेक पाठकद्वारा निर्देशित इस फिल्म में एक होमीसाइड केस के दोबारा खुलने के बाद गोवा में रह रहे सलगांवकर परिवार की जिंदगी में आये तूफान और उनके संघर्षों को दिखाया गया है। मूवी के सीक्वल में दिखाया गया है कि एक मर्डर केस के दोबारा खुलने और छानबीन शुरू होने के बाद सलगांवकर परिवार का मुखिया अपनी फैमिली को बचाने के लिये किस हद तक जा सकता है। सस्पेंस, ड्रामा और अनापेक्षित मोड़ों से भरपूर 'दृश्यम 2' निश्चित रूप से आपको मंत्रमुग्ध करेगी और आप आगे की कहानी के बारे में जानने के लिये और भी ज्यादा उत्सुक होते जायेंगे। दिल की धड़कनों को बढ़ाने वाली यह थ्रिलर मूवी देखना न भूलें, जिसका प्रीमियर शनिवार, 25 मार्च 2023 को रात 8 बजे सिर्फ कलर्स सिनेप्लेक्स पर किया जाएगा। कलर्स सिनेप्लेक्स ने अलग-अलग तरह की मनोरंजक फिल्में दिखाने के लिये खुद को एक भरोसेमंद ठिकाने के तौर पर मजबूती सेस्थापित कर लिया है। ओरिजनल हिन्दी से लेकर दूसरी भाषाओं की डब्ड मूवीज तक, सुपर-हिट और सराही गई फिल्मों के लिये इस चैनल का खजाना देशभर में काफी लोकप्रिय हो चुका है। उच्च-गुणवत्ता का मनोरंजन देने की प्रतिबद्धता के साथ 'दृश्यम 2' इस चैनल के धमाकेदार लाइन-अप का एक रोमांचक विस्तार है। 'दृश्यम 2' के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर पर अपना रोमांच व्यक्त करते हुए, एक्टर अजय देवगन ने कहा, कलर्स सिनेप्लेक्स पर 'दृश्यम 2' के प्रीमियरसे दर्शकों को इस थ्रिलर की मिस्ट्री व सस्पेंस जानने का एक और मौका मिलेगा। यह फिल्म अब दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचेगी। यह फिल्म न सिर्फ अपने पहले सीक्वल से आगे बढ़ती है, बल्कि बिलकुल नई कहानी लेकर आती है, जिसमें आकस्मिक मोड़ और घुमाव हैं। यह नाटकीय सस्पेंस-थ्रिलर वीकेंड पर प्रसारित होगी और परिवार के साथ बैठकर इसका मजा लिया जा सकता है, क्योंकि इसके केन्द्र में ऐसा आदमी है, जो अपने परिवार को प्राथमिकता देता है। मैं 'दृश्यम 2'के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर के लिये दर्शकों के प्यार और समर्थन का शुक्रिया करता हूँ।




इनकम टैक्स पेअर एसोसिएशन के होली एवं रंग पंचमी के आयोजन पर भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेज कुल पाल सिंह पाली, प्रदीप अग्रवाल वीनस, सुनील 501, संदीप गोधा उपस्थित थे।




आज जबलपुर में, मप्र ऊर्जा विकास निगम द्वारा एमएसएमई सेक्टर के लिए आयोजित, ऊर्जा संरक्षण एवं प्रबंधन कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ।

# एयरोस्पेस क्षेत्र के उत्पादों का भारत में विनिर्माण का समय आ गयाः सिंधिया



नई दिल्ली, एजेंसी। नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देश के विमानन क्षेत्र में वृद्धि की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि अब भारत को विमानन क्षेत्र के उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। सिंधिया ने कहा कि अगले पांच से सात वर्ष में घरेलू विमानन कंपनियों के पास कुल 2,000 विमानों का बेड़ा होगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमें भारत में एयरोस्पेस उत्पादों के विनिर्माण पर ध्यान देना चाहिए। विमानन क्षेत्र की परामर्शदाता कंपनी सीएपीए द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में नागर विमानन मंत्री ने कहा, ''भारत में विनिर्माण शुरू करने के लिए यह पूरी तरह से उपयुक्त समय है।

उन्होंने कहा कि देश का विमानन क्षेत्र बहुत तेजी से बढ़ रहा है, भारत के नागर विमानन क्षेत्र के लिए परिवेश को बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक 15 उड़ान प्रशिक्षण संगठनों (एफटीओ) की स्थापना होने का अनुमान है जिसके साथ इनकी संख्या बढ़कर 50 पर पहुंच जाएगी। ड्रोन क्षेत्र की वृद्धि के बारे में सिंधिया ने कहा कि 2030 तक यह तीन लाख करोड़ रुपए का हो जाएगा और 2.5 लाख रोजगारों का सृजन करेगा।

# बिसलेरी ने टाटा को किया बाय-बाय, अब रमेश चौहान की बेटी ही संभालेगी कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। पिछले कुछ समय से बोतलबंद पानी की कंपनी बिसलेरी काफी चर्चा में है। बीते साल नवंबर में कंपनी के बिकने की तैयारी हो रही थी। सोमवार को कंपनी के चेयरमैन रमेश चौहान ने इस बात पर विराम लगा दिया है। उन्होंने बताया है कि अब बिसलेरी नहीं बिकेगी। इसका कामकाज उनकी बेटी जयंती चौहान संभालेंगी। उन्होंने कहा कि अब वो बिसलेरी को बेचने के मूड में नहीं हैं।

आपको बता दें, बिसलेरी और टाटा कंज्यूमर के बीच डील को लेकर बातचीत बंद हो गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में रमेश ने बताया कि वो कंपनी को बेचना नहीं चाहते हैं। टाटा ग्रुप की स्वस्थ्यत यूनिट टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने उनकी पानी बेचने वाली कंपनी बिसलेरी के साथ डील करने में अपनी रुची दिखाई थी। मगर, दोनों के बीच बात बंद होने से अब ये डील नहीं होगी और कंपनी की बागडोर उनकी बेटी जयंती ही संभालेंगी।

**7 हजार करोड़ में होनी थी डीलः** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी के चेयरमैन ने रमेश ने कंपनी के विस्तार के लिए टाटा ग्रुप से सौदा करने का मन बनाया था। इस डील को करीब 7 हजार करोड़ में फाइनल होना था। रमेश चौहान ने कंपनी को बेचने के पीछे वजह बताई थी कि कंपनी के विस्तार के लिए उनके पास कोई उत्तराधिकारी नहीं है। इस वजह वो टाटा ग्रुप के साथ डील कर रहे हैं। मगर, सोमवार को रमेश के बयान ने पूरा मामला ही पलट दिया उन्होंने अब टाटा ग्रुप को बाय-बाय कह दिया है और कंपनी की बागडोर बेटी के हाथों में सौंप दी है।





**कौन हैं कंपनी की नई मालकिन 'जयंती चौहान':** 42 साल की जयंती चौहान वर्तमान समय में बिसलेरी की वाइस चेयरपर्सन हैं। उन्होंने 24 साल की उम्र में ही पिता के साथ कंपनी में हाथ बटाना शुरू कर दिया था। मगर, पिछले कुछ समय से कंपनी को आगे बढ़ाने में काफी एक्टिव नजर आई हैं। वो लगातार अपनी कंपनी को लिंक्डइन प्रोफाइल से प्रमोट करती रहती हैं।

हाल ही में कंपनी ने अपने कस्टमर्स के लिए ऐप से पानी ऑर्डर करने की सुविधा लॉन्च की है। इसकी जानकारी खुद जयंती ने अपने लिंक्डइन प्रोफाइल पर शेयर की है। इसके अलावा बिसलेरी ने आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के साथ भी पार्टनरशिप की है।

# मेडेन फोर्जिंग्स का आईपीओ 23 मार्च 2023 को खुलेगा

## इश्यू साइज - 10 प्रत्येक के 37,84,000 इक्विटी शेयर, इश्यू साइज-23.84 करोड़

मुंबई, एजेंसी। ब्राइट स्टील बार्स और तारोंकी एक प्रमुख निर्माता,मेडेन फोर्जिंग्सलिमिटेड ने23 मार्च, 2023 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है 7 कंपनी इस आईपीओ के मार्फत 23.84 करोड़एकत्र करने कीयोजना बना रही है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे ।

आईपीओ से प्राप्तशुद्ध रकम का उपयोग निर्माण सुविधाओं के कंसोलिडेशन और विस्तार के लिए, कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और आम कारपोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाएगा । इश्यू 27 मार्च, 2023 को बंद होगा ।

इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर शेयर इंडिया कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है और इश्यू की रजिस्ट्रार मांशीतला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड है। मेडेनफोर्जिंग्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री निशांत गर्ग ने कहा, फॉरवर्ड इंटीग्रेशन और हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में विविधीकरण पर फोकस करने का हमारा निर्णय स्थायी बिजनेस ग्रोथ और मार्जिन में सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धताको दर्शाता है। हम हमारे ग्राहकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करते हैं और आगामी आईपीओ के साथ हमारे पासहमारी क्षमताओं को बढ़ाने और हमारी जारी रखने के लिए आवश्यक संसाधन होगा।स्टेकहोल्डरों को वैल्यू प्रदान करने का हमारा प्रमाणित ट्रेक रिकॉर्ड हमें भरोसा दिलाता है कि आईपीओ भारत में आयात विकल्प के लिए स्पेशियल्टी स्टील विकसित करने के हमारे दीर्घकालीन उद्देश्यों को हासिल करनेऔर हमारे ग्राहकों के लिए श्रेष्ठ क्वालिटी के प्रोडक्ट की डिलीवरी करते समय नए निर्यात बाजारों में विस्तार करने मेंहमें समर्थ बनाएगा। इश्यूके बीआरएलएम,शेयर इंडिया कैपिटल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री




आनंद श्रीवास्तव ने कहा, हमें विश्वास है कि यह ऑफरिंग कंपनी को उसकी निर्माण सुविधाएं बढ़ाने, कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने और प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में विविधीकरण करने के लिए जरूरी संसाधन प्रदान करेगी। आईपीओ नए निर्यात बाजारों में विस्तार करने और भारत में आयात विकल्प के लिए स्पेशियल्टी स्टील विकसित करने के उसके दीर्घकालीन उद्देश्यों को हासिल करने में भीकंपनी की मदद करेगा जिससे उसके बिजनेस और मार्जिन स्थिरता में भी सुधार होगा।

# जल्द बढ़ाए जा सकते हैं कोयले के दामः सीआईएल चेयरमैन

कोलकाता, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल ने सोमवार को कहा कि कोयले के दाम जल्द ही बढ़ाए जा सकते हैं और अभी इस बारे में हितधारकों के साथ बातचीत चल रही है। अग्रवाल ने भरोसा जताया कि कंपनी 2025-26 तक एक अरब टन के उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगी। उन्होंने कहा, ''सारी परिस्थितियां कोयले के दाम बढ़ाने के पक्ष में हैं। बीते पांच वर्ष में दाम नहीं बढ़े। इस वर्ष वेतन को लेकर भी बातचीत चल रही है जिसका कंपनी की वित्तीय स्थिति पर असर पड़ेगा विशेषकर उन कुछ अनुषंगियों पर जहां मानव संसाधन की कीमत बहुत अधिक है।

एमजंक्शन द्वारा आयोजित कोल मार्केट्स कॉन्फ्रेंस में अग्रवाल ने कहा, ''दाम नहीं बढ़ाने पर बहुत सारी समस्याएं पैदा हो जाएंगी। हितधारकों के साथ इस बारे में बात चल रही है और यह कदम जल्द ही उठाया जाएगा। एक अरब टन के उत्पादन लक्ष्य के बारे में उन्होंने कहा कि इसे 2025-26 तक हासिल कर लिया जाएगा, हालांकि लक्ष्य प्राप्ति देश की जरूरत और निजी क्षेत्र की वृद्धि पर निर्भर करेगी। उन्होंने बताया कि कंपनी भूमिगत कोयला उत्पादन को मौजूदा 2.5-3 करोड़ टन से बढ़ाकर 2030 तक 10 करोड़ टन करना चाहती है।

# वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वैदिक को दी गई श्रद्धांजलि

नई दिल्ली- प्रसिद्ध चिंतक, लेखक, बुद्धिजीवी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक की स्मृति में इंडिया इंटरेशनल सेंटर, नई दिल्ली में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि हृदयाघात के कारणस्वरूप उनका 78 वर्ष की आयु में 14 मार्च, 2023 को गुरुग्राम में अचानक निधन हो गया था।

शोकसभा में पूर्व विदेश मंत्री एवं प्रसिद्ध विद्वान डॉ. कर्ण सिंह ने डॉ. वेदप्रताप वैदिक को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे और उन जैसे बहुआयामी व?यक?तित?व के धनी कम ही लोग पैदा होते हैं और वे सर्वधर्म समभाव के बहुत बड़े पैरोकार थे। गमगीन वातावरण के दौरान ही हाल ही में प्रकाशित स्वर्गीय डॉ. वेदवती वैदिक की पुस्तक 'उपनिषद्–तत्वज्ञान महाकोष' ग्रंथ का लोकार्पण डॉ. कर्ण सिंह के द्वारा किया गया, क्योंकि डॉ. वैदिक की इच्छा के मुताबिक डॉ. कर्ण सिंह द्वारा आगामी 06 अप्रैल को उसका लोकार्पण प्रस्तावित था।

डॉ. कर्ण सिंह ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए उल्लेख किया कि निधन से एक दिन पहले 13 मार्च को डॉ. वैदिक उनसे इस सिलसिले में मिले थे, लेकिन ईश्वर को कुछ और ही मंजूर था, 'हरि इच्छा भावी बलवाना'। वैदिक दंपति के साथ वर्षों पुराने अपने आत्मीय संबंधों को याद ताजा करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों बहुत विद्वान थे और डॉ. वेदवती ने पुराणों पर काफी और विलक्षण काम किया। विशेष रूप से उनकी कई वर्ष पूर्व प्रकाशित कृति 'उपनिषदों के ऋषि' की विशेष संदर्भ के साथ चर्चा करते हुए पुराणों को हमारे धर्म, जीवन और अध्यात्म का प्राण बताया। बिरले व्यक्तित्व ही ऐसी कृतियां रचने में सफल होते हैं। उन्होंने यह रेखांकित भी किया कि विगत 125 वर्षों में केवल दो-तीन महाकोश देखने में आए हैं। डॉ. वेदवती वैदिक द्वारा रचित यह महाकोश इस रूप में सर्वथा भिन्न और अद्भुत है कि यह संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी में एक साथ है।

इस अवसर पर प्रो. एस.डी. मुनि, श्री सुधीन्द्र कुलकर्णी, प्रो. पुष्पेश पंत, वरिष्ठ पत्रकार श्री श्रवण गर्ग, प्रो. अपूर्वानंद ने भी अपने वर्षों पुराने संस्मरण और महत्वपूर्ण विचार साझा करते हुए कहा कि वे मतभिन्नता को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का महत?वपूर्ण अंग मानते थे और वाणी से इतने उदार थे कि दूसरों की दिल खोलकर प्रशंसा करते थे। वे नए ढंग और कलेवर से अपने दिल की गहराइयों से सराबोर बात रखने की कला में अत्यंत माहिर थे। प्रो पंत ने विशेष बात कही कि वे जुझारू व धुन के इतने पक्के कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में पीएचडी डिग्री की हिंदी माध्यम से मान्यता दिलवाकर ही चैन से बैठे और इस मुद्दे से संसद तक भी हिल गई थी। वे हिंदीवादी नहीं, बल्कि हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के अग्रदूत थे। वे भारतीय भाषाओं के लिए निरंतर आंदोलित रहे। वे उन लोगों से अलग थे जो पदों की पहचान से जाने व माने जाते



हैं, बल्कि वे खुद की शख्सियत के रूप में प्रसिद्ध हुए और अपने-आप में एक संस्था की तरह जिए। मंच का संचालन उनकी पुत्री एवं शिक्षाविद अपर्णा वैदिक ने किया।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर, श्री प्रहलाद पटेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल, सांसद प्रवेश वर्मा, पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल, आचार्य बालकृष्ण आदि के अलावा कई पत्रकार, शिक्षाजगत, राजनीति, एवं समाजसेवी के रूप में संघर्षरत अनेक गणमान्य लोगों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर तहेदिल से अपने श्रद्धासमुन अर्पित किए और शोकसंतप्त परिवारजनों के अलावा प्रशंसकों का ढांढ़स बढ़ाया। श्रद्धांजलि सभा में श्री नंदन झा, श्री ओमवीर तोमर, श्री मुफ्ती शमून कासमी, सुश्री अर्चना ओझा, श्रीमती सुषमा चौधरी, श्री लोकेश मुनि, श्री वरूण अग्रवाल, डॉ. रीता सिन्हा, डॉ. ?अखिलेश शर्मा, डॉ. चंदना राउल, श्री साई शरणागत, श्री डामोनिक, श्री अनिल शर्मा, श्री ओम रघुवंशी, श्री खेड़ा, श्री मो. इरफान अहमद, श्री केएन सिंह, श्री जेके जैन, श्री ओपी सपरा, श्री मनोज शर्मा, श्री विनीत नरीन, डॉ. शूल पाणी सिंह आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।अफगानिस्ताकन के पूर्व प्रधानमंत्री श्री हामिद करजई, संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवार के सदस्य और मंत्री शेख नाहयान मुबारक, पूर्व प्रधामंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, पूर्व राष्ट्रापति श्री रामनाथ कोविंद, भाजपा के अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिहं, केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, छत्तीसगढ़ के मुख्यनमंत्री श्री भूपेंद्र बघेल, झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान, दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल, मणिपुर की राज्यपाल माननीय सुश्री अनसुईया उइके, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री दिग्विजय सिंह व श्री कमलनाथ, राजस्थाान की पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती वसुंधरा राजे, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री जयराम रमेश, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव, स्वामी बाबा रामदेव, स्वामी अवधेशानंद, आदि प्रमुख हस्तियों से भी शोक-संवेदना संदेश श्रद्धांजलि के रूप में प्राप्त हुए।

॥ जय श्री झूलेलाल ॥ ॥ जय श्री झूलेलाल ॥



भगवान श्री झूलेलाल जन्मोत्सव
(चेट्रीचंड्र)
की हार्दिक शुभकामनाऐं

कार्यक्रम

दिनांक 22 मार्च 2023, बुधवार
मूर्ति स्थापना एवं दीप प्रज्वल्लन
समय : सायं 4.00 बजे
स्थान : श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण
(टॉप एन टाउन स्क्वायर)

दिनांक 22 मार्च 2023, बुधवार
भव्य शोभा यात्रा
समय : सायं 4.30 बजे
स्थान : मूलचंद मेडिकल से प्रारम्भ होगी
एवं समापन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण
(टॉप एन टाउन स्क्वायर)

दिनांक 23 मार्च 2023, गुरूवार
प्रसाद वितरण
समय : दोपहर 1.00 बजे
स्थान : श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण (टॉप एन टाउन स्क्वायर), न्यू मार्केट

हलो भोपाल... हलो भोपाल... हलो भोपाल...



अमर बलिदानी हेमू कालाणी
जन्मशताब्दी समापन समारोह
दिनांक 31 मार्च 2023, शुक्रवार (दोप. 1 बजे)
स्थान : लाल परेड मैदान, भोपाल
वधीक खां वधीक संख्या में अची कार्यक्रम के सफल बनायो

संरक्षक
प्रकाश मीरचंदानी, चंदीराम तख्तानी, दयाल आस्तवानी, दिलीप भागवानी, महेश कुकरेजा, हरीश ज्ञानचंदानी, सुशील धनवानी

आयोजक
संजय वलेचा
(अध्यक्ष, न्यू मार्केट व्यापारी महासंघ)
मो. : 7354997722

आयोजक
पुरूषोत्तम वरदानी (पवन)
मो. : 9826495355

आयोजक
राम आडवाणी
मो. : 9893836466

संयोजक
अजय देवनानी
मो. : 8871253226

संयोजक
हेमंत सतवानी (बबला)
मो. : 9826042457

निवेदक : समस्त सिंधी समाज, न्यू मार्केट, टी.टी. नगर, भोपाल

# माचागोरा का नाम रानी अवंती बाई डेम होगा: कमलनाथ

## 40 गांवों से आये दस हजार से ज्यादा ग्रामीणजन



**छिन्दवाड़ा ।** आज का दिन भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का वह दिन है जब अपनी जाति, वंश समाज और देश के लिये अपनी आहूति देने वाली वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी को याद कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने सामाजिक सदस्यों सहित समस्त जाति समुदाय के लोग इस माचागोरा ग्राम में जुटे हैं। अंग्रेजों के विरुद्ध ऐतिहासिक व निर्णयक लड़ाई लडने वाली वीरांगना पूरे भारत की पहली महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी है और यह हमारे लिये गौरव की बात है कि ऐसी वीरांगना के वंशज आज उनकी शौर्य गथाओं को याद कर उन्हें स्मरण कर रहे हैं। हम उनके आजाद भारत के सपने को साकार रूप में पाकर राष्ट्रहित में जो भी कर सकें वही हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उक्त उदगार आज चौरई विकासखंड के ग्राम माचागोरा में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने व्यक्त किये। इस अवसर पर कमलनाथ ने अपार जनसमूह को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज सम्पूर्ण प्रदेश में माचागोरा डेम एक विशाल जलाशय के रूप में जाना जाता है और आज मैं यह घोषणा करता हूं कि जिले की इस अनमोल धरोहर का नाम प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर वीरांगना अवंती बाई लोधी डेम होगा और डेम के समीप ही वीरांगना की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की जायेगी।

इस अवसर पर श्री कमलनाथ ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में चौरई विधानसभा क्षेत्र के अनेकों गावों में सिंचाई के लिये डेम का पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है, उन्होंने यह भी घोषणा की कि जिन जगहों पर भी पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है वहां पर नहर लिफ्ट एरिगेशन अथवा माइक्रों एरिगेशन द्वारा सिंचाई जल उपलब्ध कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा कांग्रेस व कमलनाथ का अंत किये जाने और गाड़ने के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुये उन्होंने कहा कि हम कांग्रेस के लोग कभी किसी के भी लिये ऐसे शब्दों का उपयोग नहीं करते परन्तु मैं भी गाडूंगा जरूर और वो भी बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार को। उन्होंने अंत में कहा कि सच्चाई आपके सामने है और हमें मिलकर यह निर्णय लेना होगा कि हम अपनी आने वाली पीढ़ी का सुखमय भविष्य कैसे बनाये। इस अवसर पर कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री साधना भारती ने भी लोधी समाज की गौरव गाथा का बखान किया।

### हमारे बुजुर्ग नई पीढ़ी को वीरांगना की कहानी सुनाये: नकुलनाथ

रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुये सांसद नकुलनाथ ने कहा कि हमारे परिवार व समाज के बुजुर्ग आज की नई पीढ़ी को वीरांगना की गौरव व शौर्य गाथाएं अवश्य सुनायें ताकि उन्हें यह भान हो सके कि देश की आजादी में लोधी समाज का कितना महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर नकुलनाथ ने कहा कि अपनी जाति, वंश और देश के लिये कुछ करने की भावना इस समाज में कूट कूटकर भरी हुई है और आज भी लोधी समाज किसी भी जाति या देश विरोधी ताकतों को सहन नहीं करता है और समय आने पर भरपूर जवाब देता है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश व देश के हालात भी कुछ ऐसे ही है कि पहले हम गोरों से लड़े थे और आज हम चोरों से लड़ रहे हैं और हम एकता से एक बार फिर जीत हासिल करेंगे। माचागोरा में आयोजित इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में बड़ा सागर के विधायक तरूवर सिंह, क्षेत्रीय विधायक सुजीत चौधरी, पूर्व विधायक गंभीर सिंह, जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार, अमित सक्सेना, नवीन पटेल, बैजू वर्मा, राजेन्द्र पटेल, प्रीतम पटेल, हरिशचन्द्र पटेल सहित 40 गांवों के 10 हजार से अधिक ग्रामीणजन उपस्थित हुये।

### भाजपा से त्रस्त जनता बदलाव चाहती है: नकुलनाथ

छिन्दवाड़ा। जिले के सांसद नकुलनाथ ने आज परासिया विधानसभा क्षेत्र के उमरेठ ब्लॉक के



अन्तर्गत आने वाले ग्राम तिघरा में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर घेरा। अपने उद्बोधन में नकुलनाथ ने कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों व भाजपा सरकार की नाकामियों को गिनाया। नकुलनाथ ने ग्राम तिघरा में कहा कि मेरे संसदीय कार्यकाल के दो वर्ष कोरोना संक्रमण में बर्बाद हुये परन्तु मैंने और कमलनाथ जी ने लॉकडाउन के चलते कभी फोन पर तो कभी स्वयं उपस्थित होकर जिले की जनता का हाल जाना। हमने अपने जिलेवासियों के लिये भरपूर ऑक्सीजन सिलेण्डर, इंजेक्शन व दवा गोलियां पहुंचाई और जो भी बन सका वह भरपूर किया।

# प्रबुद्धजनों में भाजपा के प्रति गजब का उत्साह: वीडी शर्मा

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रबुद्धजनों के साथ किया संवाद

**छिंदवाड़ा ।** प्रबुद्धजन संवाद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हमेशा कहते है कि भाजपा कार्यकर्ता जब विजयश्री का संकल्प लेते है तो विजयश्री प्राप्त करकर ही विश्राम लेते है । छिंदवाड़ा के प्रबुद्धजन एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है। आगे उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र और बूथ केंद्र में कार्यकर्ताओं को देखकर ऐसा लग रहा है कि कार्यकर्ताओ ने विजयश्री का संकल्प कर लिया है अब



वे छिंदवाड़ा में विजयश्री प्राप्त किए बिना विश्राम नहीं करेंगे ।भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने स्वागत उद्बोधन देते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को विश्वास दिलाया कि छिंदवाड़ा के कार्यकर्ता उनके विश्वास पर खरे उतरेंगे और इस बार सातों विधानसभा सहित लोकसभा में विजयश्री प्राप्त कर ही विश्राम करेंगे । सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर, द्वीप प्रज्ज्वलित कर प्रारंभ किया गया । तत्पश्चात जिले के प्रभारी मंत्री श्री कमल पटेल जी द्वारा भाजपा के वरिष्ठ मीसाबंदी ईश्वरी प्रसाद चौरसिया का पुष्पमाला से स्वागत किया गया । इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, जिला संगठन प्रभारी संतोष पारिक, लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, पूर्व विधायक चौधरी चन्द्रभान सिंह, पंडित रमेश दुबे, नत्थन शाह कवरेती, ताराचन्द बाबरिया, अजय चौरे, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पोफली, श्री नरेन्द्र परमार, कन्हईराम रघुवंशी, ठाकुर दौलत सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव, विजय झांझरी, जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, परमजीत सिंग विज, भाजपा नेता आशीष ठाकुर, टीकाराम कोराची, उत्तम ठाकुर, संतोष जैन, श्रीमती वैशाली महाले, श्रीमती कांता सदारंग सहित बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठजन उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन विजय पांडे द्वारा एवं आभार प्रदर्शन भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष जगेन्द्र अल्डक द्वारा किया गया । भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक तुकाराम दुर्गे सहित शहर के प्रबुद्धजन पंढरीनाथ दारोकर, मधुकर पोफली, डॉ. जे.एस.राय, निवास बागड़देव, रमाकांत पांडे, डॉ. ओ.पी. साहू, रामचंद्र गर्गे, डॉ. आर.के. अग्रवाल, डॉ. वीरेन्द्र सिंह सिसोदिया, हुकुमचंद जैन, महेश अग्रवाल, जयशंकर शुक्ला, अजय औरंगाबादकर, प्रदीप चिखलकर, विवेक पोफली, किशोर ढोक, घनश्याम कर्मवीर, रत्नाकर रतन, नागेन्द्र बांगरे, शेखर उद्धार, श्रीधर पाठक, छिद्दीलाल वर्मा, पी.एल.साहू सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं भाजपा वरिष्ठजन उपस्थित रहे ।

## श्री बड़ी माता मंदिर में होगी 251 कलश की स्थापना

**छिंदवाड़ा ।** वासंतिक चैत्र नवरात्रि महोत्सव के पावन उपलक्ष्य पर दिनाँक 22 मार्च से 30 मार्च तक नगर शक्ति पीठ श्री बड़ी माता मंदिर छोटी बाज़ार में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आकर्षक साज सज्जा आदि तैयारियों का दौर जारी है। इस वर्ष चैत्र नवरात्र में माँ के 251 ज्योतिर्कलश की स्थापना की जाएगी। साथ ही अलग -अलग तिथियों में मातारानी के दिव्य श्रृंगार किए जाएँगे। जो कि भक्तों को अद्भुत अनुभूती कराएंगे। प्रथम दिन 22 मार्च ज्योतिर्कलश स्थापना , 26 मार्च पंचमी महाआरती पूजन , 29 मार्च अष्टमी हवन पूजन , 30 मार्च नवमी कन्या पूजन , ज्वारे विसर्जन के मुख्य कार्यक्रमों को आयोजित किया जावेगा। मंदिर के समस्त कार्यक्रमों में आप समस्त भक्तगण सादर आमंत्रित हैं।

## जिला प्रभारी विनीत पाटील नियुक्त



**छिंदवाड़ा ।** डॉ, बाबासाहब अंबेडकर एवं मां काशीराम साहब के बहुजन सुखाए, बहुजन हिताय मिशन को आगे बढ़ाने हेतु भीम आर्मी भारत एकता मिशन छिंदवाड़ा जिला कार्यकारणी का हुआ विस्तार,मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया के आदेश नुसार तथा भीम आर्मी जिला छिंदवाड़ा के जिला प्रभारी विनीत पाटील द्वारा नियुक्तियां प्रदान की गई है,जिसमे जिला सयोजक की जिम्मेदारी,निहाल साखरे एवं जिला महा सचिव की कमान जितेंद्र कोचे और जिला कोषाध्यक्ष की जबददारी विनोद पटेलिया जी को सौंपी गई है इस वक्त सभी नवनियुक्त पदाधिकारी यो ने महापुरुषों के मिशन को आगे बढ़ाने का किया संकल्प । इस कार्यकारणी विस्तार कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप भाऊ जुलमे जी उपास्तित होकर नवनियुक्त पधाधिकारियो को बधाई दी,तथा इसमें, एसपी उपाध्यक्ष शारूख खान,नवीन ब्राम्हे,विक्रम बुनकर,नरेंद्र चंद्रवंशी,महिला कार्यकर्ता सुनीता इंदौरकर, नीरजअहिरवार ,आनंद साहू,धीरज आठनेर, वरिष्ठ कार्यकर्ता शिव मंडरा,कार्तिक ढोले,अजय मंडरा,राहुल यादव, जुनेद खान,सुभम साखरे,इमरान मनुसूरी सभी भीम आर्मी एवम् आजाद समाज पार्टी छिंदवाड़ा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कक्षा 10वीं की परीक्षा में 27845 परीक्षार्थियों ने दी विज्ञान विषय की परीक्षा

### 34परीक्षा केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले में आज माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.की कक्षा 10वीं की परीक्षा जिले के सभी 11 विकासखंडों के 156 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न हुई जिसमें 28 हजार 633 परीक्षार्थियों में से 27 हजार 845 परीक्षार्थियों ने विज्ञान विषय की परीक्षा दी तथा 788 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे । जिला शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल सिंह बघेल व उनके दल द्वारा आज एक परीक्षा केन्द्र और सहायक संचालक शिक्षा श्री आई.एम.भीमनवार व उनके दल द्वारा 4 परीक्षा केन्द्रों तथा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों और उनके दल द्वारा 32 परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण दल को आज किसी परीक्षा केन्द्र में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं पाया गया । जिला शिक्षा अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि उन्होंने अपने दल के साथ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा तथा सहायक संचालक शिक्षा श्री भीमनवार ने उनके दल के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गांगीवाड़ा, रोहनाकला व लिंगा और शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा के परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया । इसके अलावा विकासखंड स्तरीय अधिकारियों के दल ने विकासखंड छिंदवाड़ा, अमरवाड़ा, पांढुर्णा, परासिया, जुन्नारदेव और बिछुआ में 3-3, चौरई में 5, हर्रई में एक और मोहखेड़ व सौंसर में 4-4 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया ।

## सिंगोडी में पकड़ाया जुआ

**अमरवाड़ा।** सिंगोडी चौकी के नई आबादी क्षेत्र में सोमवार की शाम 4- 5 बजे के बीच सिंगोड़ी के नई आबादी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलने की मुखबिर द्वारा खबर मिलने पर उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुश राम ने घेराबंदी कर संजय एवं उसके 5 साथियों को ताश के पत्तों पर पैसे का दाव लगाकर जीत हार करते हुए धर दबोचा

## जादू टोना करके बैल मारने को लेकर हुआ विवाद, दोनों पक्षों पर बना काउंटर मामला

**अमरवाड़ा ।** ग्राम जाए घुघरला कला की रहने वाली आशा बाई डेहरिया जिसका बेल बीमार होकर सोमवार की सुबह बैल को जादू किए किए हो कहां जिससे बैल बीमार हो गया ऐसा कहने पर कमल सिंह एवं कुंवर सिंह ने आशा बाई के साथ अश्लील गाली देकर मारपीट कर जान से मार देने की धमकी दीया वही राजाराम एवं आशा भाई के विरुद्ध सरिता कमल सिंह द्वारा बैल को जान से मारने की शिकायत पर मारपीट करने के विवाद में दोनों पक्षों में मारपीट हुई पुलिस द्वारा काउंटर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

### जातिसूचक गाली देने मारपीट करने पर वना sc/st एक्ट का का प्रकरण

अमरवाड़ा वार्ड क्रमांक 9 मैं रहने वाला अरविंद डेहरिया के साथ वार्ड के ही किशोरी द्वारा नल में मोटर लगाकर पानी पानी भरने और पड़ोसियों को देने की बात पर से अरविंद डेहरिया के नल में पानी नहीं मिल पाता सुबह करीब 11:00 बजे अरविंद ने किशोरी वर्मा को बोला की नल में मोटर लगाकर पानी मत बाटा करो नहीं लगाओगे तो दोनों को पानी मिल जाता इतना सुनते ही किशोरी वर्मा ने अरविंद डेहरिय को जातिसूचक गालियों देते हुए बोला तू बोलने वाला कौन होता है और अपने हाथ में ईट उठाकर मारा जो उसके कान और कान के पीछे अंदरूनी चोट आई है पुलिस ने अरविंद डेहरिया की रिपोर्ट पर किशोरी के खिलाफ धारा 294 323 506 तथा sc/st एक्ट की धारा 3,1,2 मैं प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में किया

## ऋण वसूली की तिथि बढ़ाने युवा कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**अमरवाड़ा।** युवा कांग्रेस द्वारा एसडीएम कार्यालय में महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि किसानों द्वारा लिए गए ऋण को चुकाने की अंतिम तिथि 28 मार्च रखी गई है। जिसके चलते जिला सहकारी बैंक के अधिकारी व कर्मचारी किसानों पर लगातार दबाव भी बना रहे हैं। विदित हो कि किसानों की गेहूं की फसल की कटाई अभी पूरी तरह नहीं हुई है ना ही सरकार द्वारा कराए जा रहे पंजीयन की खरीदी चालू हुई है। जिसके चलते क्षेत्रीय किसानों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार को दिए गए इस ज्ञापन में विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा, युवा कांग्रेस से अनुभव सिंह परिहार, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वेबसाइट डिजाइनिंग में प्रशिक्षित हुई छात्राएँ



**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा म.प्र. में प्राचार्य डॉ. अज़रा एजाज़ के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के अंतर्गत वेब डिजाइनिंग इन पीएचपी विषय पर 50 घंटों का प्रशिक्षण संचालित किया गया। कैरियर प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. बिंदिया महोबिया ने बताया कि छात्राओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन के द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के लिए राशि उपलब्ध करायी जाती है जिसके तहत इस वर्ष कम्प्यूटर के क्षेत्र में छात्राओं को निपुण करने के लिए %वेब डिजाइनिंग इन पीएचपी विषय पर एनआईआईटी फाउण्डेशन छिंदवाड़ा से डायरेक्टर श्री अभिनीत दुबे एवं प्रशिक्षक श्री कनेर सिंह ठाकुर द्वारा सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिससे भविष्य में छात्राएँ वेबसाइट डेव्हेलपर के रूप में अपना कैरियर बनाने के लिए अग्रसर हो सकती है। इस संपूर्ण कार्यक्रम को संचालित करने में कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. महिम चतुर्वेदी, कम्प्यूटर प्रशिक्षक श्रीमती तपस्या पाण्डे, श्रीमती रूपशिखा भार्गव, श्री मुकेश दौड़के, श्री रवि पवार एवं कैरियर प्रकोष्ठ समिति सदस्य डॉ. संकेत कुमार चौकसे, डॉ. मनिन्दर सिंह भाटिया और डॉ. सुदीश कुमार सूर्यवंशी का विशेष योगदान रहा।

## वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का165 वॉ बलिदान दिवस मनाया, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**छिंदवाड़ा ।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के 165 वे बलिदान पर श्रद्धासुमन अर्पित कर समाज के जागरूक



उत्साही युवाओं ने लोधी क्षत्रिय महासभा के तत्वाधान में सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित होकर जिला कलेक्टर महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नाम 3 सूत्रीय मांगो का ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया कि लोधी क्षत्रिय समाज जो कि पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आती है, और 90 प्रतिशत जाति के लोग ग्रामीण अंचलों में निवास करते हैं उन्होनें समाज के छात्र-छात्राओं के छात्रावास हेतु शासकीय भूमि अंतर्गत कराई जावे । समाज के जिला मुख्यालय में सामुदायिक भवन एवं वीरांगना अवंती बाई लोधी जी की प्रतिमा स्थापित करने जिला मुख्यालय में स्थान आवंटित किया जावे वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जी के बलिदान दिवस 20 मार्च को शासकीय अवकाश घोषित किये जाने की मांग की । इस अवसर पर सैंकड़ों की ज्ञापन रैली में लोधी क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष लोधी विपिन वर्मा, बसंत पटेल, नारायण वर्मा, हेमराज पटेल, दीपक वर्मा, प्रद्युम्न वर्मा, पटेल, आनंद वर्मा,तुलसीराम, रामगोपाल वर्मा, रोहित वर्मा, विजय वर्मा, चंचलेश वर्मा, राकेश वर्मा, हरिओम पटेल, पंकज वर्मा, बसंत वर्मा, गोलू वर्मा रोहित वर्मा,श्रीओम वर्मा विशाल चौहान अशोक वर्मा,सूरज वर्मा अजय वर्मा,शिवम भाई, शिवंम चौहान आदि अनेक सामाजिक बंधु उपस्थित रहे ।

## 31 मार्च तक न्यायालयीन कार्यो से विरत रहेंगे अधिवक्ता

**अमरवाड़ा ।** तहसील अधिवक्ता संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 31 मार्च तक न्यायालयीन कार्यों से विरत रहने की सूचना ज्ञापन के माध्यम से बताई गई है। इस संबंध में अधिवक्ता प्रफुल्ल चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर समय सीमा अर्थात 25 प्रकरणों का निराकरण 66 दिन के अंदर करने पर पक्षकारों के साथ-साथ अधिवक्ता और माननीय न्यायालय पर भी दबाव होगा। जिसको लेकर संघ द्वारा विरत रहकर प्रतिवाद किया जा रहा है। वही बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि जिले सहित सभी तहसील अधिवक्ता संघ 31 मार्च तक न्यायालयीन कार्यो से विरत रहकर प्रतिवाद पर रहेंगे।

### श्रीमाताजी निर्मला देवी के 21 मार्च को जन्मोत्सव पर...

# छिंदवाड़ा की पावन भूमि पर आज जन्म लिया था श्रीमाताजी निर्मला देवी ने



## पूरे विश्व में छिंदवाड़ा सहजयोगियों के लिए है तीर्थ स्थल

## माता-पिता सहित स्वयं ने भी स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और गांधीजी के साथ रही आश्रम में



**छिंदवाड़ा ।** सहजयोग प्रणेता श्रीमाताजी निर्मला देवी का जन्म 21 मार्च,1923 को छिंदवाड़ा की पावन भूमि परहुआ। श्रीमाताजी शालिवाहन वंशज से थीं। जन्म के समय श्रीमाताजी के निष्कलंक रूप को देखते हुए माता-पिता ने उन्हे निर्मला नाम दिया। श्रीमाताजी के माता-पिता स्वतंत्रता सेनानी थे। आपने भी स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदारी की तथा साबरमती आश्रम में गांधीजी के साथ भी रहीं। गांधीजी आपको नेपाली गुडि़या कहकर बुलाते थे। माताजी से गांधीजी आध्यात्मिक सहाल भी लिया करते थे।श्रीमाताजी को जन्म से ही मनुष्य की सम्पूर्ण नाड़ी तंत्र का ज्ञान था। आप सभी ऊर्जा केंद्रों (चक्रों) से परिचित थीं। इस सम्पूर्ण ज्ञान को वैज्ञानिक आधार देने तथा वैज्ञानिक शब्दावली के अध्ययन हेतु श्रीमाताजी ने आर्युविज्ञान एवं मनोविज्ञान का अध्ययन किया। वर्ष-1947 में आपका विवाह तत्कालिन आयएएस श्री चंद्रिकाप्रसाद श्रीवास्तव से हुआ। श्री श्रीवास्तव बाद में भारत के प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के संयुक्त सचिव रहे। आपको भारत सरकार ने पद्मश्री एवं पद्मविभूषण से भी सम्मानित किया।

05 मई,1970 को श्रीमाताजी ने गुजरात के नारगोल में समुद्र किनारे सहस्त्रार खोला और विश्व को सहजयोग प्रदान किया। ऋषि-मुनियों द्वारा जो तपस्या वर्षो/सदियों तक की जाती थी और जो आत्मसाक्षात्कार प्राप्त करके कुण्डलिनी का जागरण किया जाता था,जो सहस्त्रार पर पहुंचकर आत्मा का परमात्मा से मिलन करवाती थी, वह श्रीमाताजी ने आमजन को सुलभ करवाया। इसकी अनुभूमि हाथों की हथेलियों पर ठण्डी धारा के रूप में करवाई,जिसे आदि शंकराचार्य ने सलिलम-सलिलम कहा था। सहजयोग के द्वारा मनुष्य अपने शरीर पर परमात्मा के प्रेम की शक्ति का अनुभव कर सकता है। अपने जीवनकाल में श्रीमाताजी ने 80 से अधिक देशों की यात्रा की और सहजयोग का प्रचार तथा वहां के लोगों को आत्मसाक्षात्कार देकर सहजयोग से जोड़ा। पूरे विश्व के लोगों को शांति एवं प्रेम की शक्ति से जोडने का काम किया। यही कारण रहा कि विश्व शांति के लिए प्रतिष्ठित नोबल पुरस्कार के लिए दो बार श्रीमाताजी का नाम नामांकित किया गया।श्रीमाताजी कहती हैं-सहजयोग किसी भी जाति,किसी भी धर्म के लोग बिना भेदभाव के कर सकते हैं। विश्व शांति की स्थापना तभी हो सकती है जब हर व्यक्ति दूसरे से प्रेम करे।

### मुझे श्रीमाताजी का आर्शीवाद हमेशा मिलता रहा, मैं उनसे मार्गदर्शन लेने आता था: कमलनाथ



छिंदवाड़ा। सहजयोग प्रणेता परमपूज्य श्रीमाताजी निर्मला देवी के 100वें जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व सोमवार दोपहर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अपने पुत्र सांसद नकुलनाथ के साथ लिंगा स्थित शिव पर्वत पर सहजयोग आश्रम में आए। आपने माताजी की छबि के समक्ष पूष्प अर्पित किए। सहजयोग राज्य मीडिया प्रभारी ललित ज्वेल ने बताया कि चर्चा में कमलनाथ ने कहाकि- मैं पूर्व से ही कई बार माताजी से मिलने आता रहा हूं। माताजी का आशीर्वाद मुझ पर रहा है। मैरे गुरू माताजी के भाई एनकेपी साल्वे थे। अत: मैरा यहां पारिवारिक सम्पर्क रहा। आपने कहाकि माताजी ने पूरे विश्व में धर्म, आध्यात्म और भारतीय संस्कृति का जो प्रसार सहजयोग के माध्यम से किया है,वह अनुकरणीय है। भारत की संस्कृति प्रेम, विश्वास और शांति की रही है। हम उसी पर चल रहे हैं। मैं सभी सहजयोगी भाई-बहनों सहित देश के नागरिकों से अपील करता हूं कि श्रीमाताजी निर्मला देवी के बताए मार्ग पर चलें और विश्व में भारत देश का नाम ऊं चा करें। कमलनाथ का स्वागत परमपूज्य श्रीमाताजी निर्मलादेवी सहजयोग नेशनल ट्रस्ट के वायस चेयरमेन रमेश मंताना, जन्मशताब्दी महोत्सव के संयोजक श्रीचंद जैन, नेशनल ट्रस्टी एवं मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ प्रभारी सोनाली भट्टाचार्य, ललित ज्वेल, नीरज लवाले, प्रसन्न बाकलीवाल,नरेश थटेरे ने किया।

### माताजी निर्मला देवी ने विश्व को शांति और प्रेम का संदेश दिया: वी.डी.शर्मा



छिंदवाड़ा। सहजयोग प्रणेता श्रीमाताजी निर्मला देवी ने विश्व को शांति और प्रेम का संदेश दिया। माताजी ने विश्व के 140 देशों में सहजयोग के माध्यम से भारतीय संस्कृति और हमारे देवी-देवताओं की महिमा फैलाई,जो निश्चित भारत को विश्व गुरू बनाने में सहायक होगी ।यह बात भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने यहां कही। वे श्रीमाताजी निर्मला देवी के 100वें जन्मोत्सव पर जन्म स्थली पर पूष्प अर्पण हेतु आए थे। इस मौके पर उन छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री कमल पटेल,भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष वैभव पंवार,जिला भाजपाध्यक्ष विवेक बंटी साहू भी उपस्थित थे। सभी को आत्मसाक्षात्कार करवाया गया तथा आत्मअनुभूति करवाई गई। श्री शर्मा एवं श्री पटेल का सहजयोग परिवार द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर कृष्णा हरजानिया,नीलेश नाइक,अजीत गौतम उपस्थित थे।



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# भोपाल को गर्व है अंतर्राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी पर

## ISSF WORLD CUP RIFLE AND PISTOL

21-27 MARCH 2023



## उद्घाटन समारोह

मुख्य अतिथि

**शिवराज सिंह चौहान**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

गरिमामयी उपस्थिति

**यशोधरा राजे सिंधिया**
मंत्री, खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मध्यप्रदेश

एवं

**लुचिआनो रॉसी**
अध्यक्ष, इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (ISSF)

21 मार्च 2023 | सायं 5.30 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल

**30 देशों से अनेक उत्कृष्ट खिलाड़ी**
शूटिंग इवेंट रोज़ प्रातः 9 से अपराह्न 3:30 बजे तक

प्रतियोगिता स्थल– मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, गोरेगांव, भोपाल
**आप सभी सादर आमंत्रित हैं!**

**खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश**

D-11248/22

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी